राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों

की

ग्रंथ सूची

पंचम भाग

राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों

की

ग्रंथ-सूची

(पंचम भाग)

(राजस्थान के विभिन्न नगरों एवं ग्रामों के ४५ शास्त्र भण्डारों में संग्रहीत २० हजार से भी अधिक पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण)

आशीर्वाद

मुनि प्रवर १०८ श्री विद्यानन्दजी महाराज

पुरोवाक् :

डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी

सम्पादक

डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल

एम. ए., पी-एच. डी., शास्त्री

पं० अनूपचन्द न्यायतीर्थ

साहित्यरत्न

●

प्रकाशक :

सोहनलाल सोगाणी

मन्त्री :

प्रबन्ध कारिणी कमेटी

श्री दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी

प्राप्ति स्थान

१. साहित्य शोध विभाग, दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी
महावीर भवन, सवाई मानसिंह हाईवे, जयपुर-३

२. मैनेजर दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी
श्रीमहावीरजी (राजस्थान)

●

प्रथम संस्करण	वी० नि० स० २४६८	मूल्य
५०० प्रति	मार्च, ७२	४०)

विषय–सूची

शास्त्र भण्डारों की नामावलि

१	शास्त्र भण्डार	भ० दि० जैन मन्दिर, (बड़ा धड़ा) अजमेर
२	,,	दि० जैन खण्डेलवाल पंचायती मन्दिर, अलवर
३	,,	दि० जैन अग्रवाल पंचायती मन्दिर, अलवर
४	,,	दि० जैन मन्दिर, दूनी
५	,,	दि० जैन बघेरवाल मन्दिर, आवां
६		दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ बूंदी
७	,,	दि० जैन मन्दिर आदिनाथ, बूंदी
८	,,	दि० जैन मन्दिर अभिनन्दन स्वामी, बूंदी
९	,,	दि० जैन मन्दिर महावीर स्वामी, बूंदी
१०	,,	दि० जैन मन्दिर नेमिनाथ स्वामी, बूंदी
११	,,	दि० जैन मन्दिर बघेरवाल, नैणवा
१२	,,	दि० जैन मन्दिर तेरापंथी, नैणवा
१३	,,	दि० जैन मन्दिर अग्रवाल, नैणवा
१४	,,	दि० जैन मन्दिर, दबलाना
१५	,,	दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ, इन्दरगढ़
१६	,,	दि० जैन अग्रवाल मन्दिर, फतेहपुर (शेखावाटी)
१७	,,	दि० जैन पंचायती मन्दिर, भरतपुर
१८	,,	दि० जैन मन्दिर फौग्राम, भरतपुर
१९	,,	दि० जैन पंचायती मन्दिर, नयी डीग
२०	,,	दि० जैन बड़ा पंचायती मन्दिर, नयी डीग
२१	,,	दि० जैन मन्दिर, पुरानी डीग
२२	,,	दि० जैन खण्डेलवाल पंचायती मन्दिर, कामा
२३	,,	दि० जैन अग्रवाल मन्दिर, कामा
२४	,,	दि० जैन नेमिनाथ मन्दिर, टोडारायसिंह
२५	,,	दि० जैन पार्श्वनाथ मन्दिर, टोडारायसिंह
२६	,,	दि० जैन मन्दिर, राजमहल
२७	,,	दि० जैन मन्दिर, बोरसली कोटा
२८	,,	दि० जैन पंचायती मन्दिर, बयाना
२९	,,	दि० जैन छोटा मन्दिर, बयाना
३०	,,	दि० जैन मन्दिर, वैर
३१	,,	दि० जैन अग्रवाल मन्दिर, उदयपुर

३२	शास्त्र भण्डार	दि० जैन खण्डेलवाल मन्दिर, उदयपुर
३३	,,	दि० जैन सभवनाथ मन्दिर, उदयपुर
३४	,,	दि० जैन तेरहपथी मन्दिर, बसवा
३५	,,	दि० जैन पचायती मन्दिर, बसवा
३६	,,	दि० जैन मन्दिर कोटडियोका, डूंगरपुर
३७	,,	दि० जैन मन्दिर, भादवा
३८	,,	दि० जैन मन्दिर चोधरियान, मालपुरा
३९	,,	दि० जैन आदिनाथ स्वामी, मालपुरा
४०	,,	दि० जैन मन्दिर तेरहपथी, मालपुरा
४१	,,	दि० जैन पचायती मन्दिर, करोली
४२	,,	दि० जैन मन्दिर सोगाणीयो का, करोली
४३	,,	दि० जैन बीसपथी मन्दिर, दौसा
४४	,,	दि० जैन तेरहपथी मन्दिर, दौसा
४५	,,	दि० जैन मन्दिर लश्कर, जयपुर

प्रकाशकीय

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी की प्रबन्धकारिणी कमेटी की ओर से गत २४ वर्षों से साहित्य अनुसंधान का कार्य हो रहा है। सन् १९६२ में राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची का चतुर्थ भाग प्रकाशित हुआ था। तत्पश्चात् जिणदत्त चरित, राजस्थान के जैन सन्त-व्यक्तित्व एवं कृतित्व, हिन्दी पद संग्रह, जैन ग्रंथ भंडार्स इन राजस्थान, जैन शोध और समीक्षा आदि रिसर्च से सम्बन्धित पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है। जैन साहित्य के शोधार्थियों के लिये विद्वानों की दृष्टि में ये सभी पुस्तकें महत्वपूर्ण सिद्ध हुई हैं। शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची पंचम भाग के प्रकाशनार्थ विद्वानों के आग्रह को ध्यान में रखते हुये और भगवान महावीर की २५०० वीं निर्वाण शताब्दि समारोह हेतु गठित अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन समिति द्वारा साहू शान्तिप्रसाद जी की अध्यक्षता में देहली अधिवेशन में राजस्थान के जैन ग्रन्थागारों की सूचियां प्रकाशन के कार्य को वीर निर्वाण संवत् २५०० तक पूर्ण करने हेतु पारित प्रस्ताव का भी ध्यान रखते हुये क्षेत्र कमेटी ने ग्रंथ सूची के पंचम भाग के प्रकाशन के कार्य को और गति दी और मुझे यह लिखते हुये प्रसन्नता है कि महावीर क्षेत्र कमेटी ने दिगम्बर जैन समिति के प्रस्ताव को क्रियान्वित करने में सर्व प्रथम पहल की है।

ग्रंथ सूची के इस पंचम भाग में राजस्थान के विभिन्न नगरों व कस्बों में स्थित ४५ शास्त्र भण्डारों के संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के ग्रंथों का विवरण दिया गया है। यदि गुटकों में संग्रहीत पाण्डुलिपियों की संख्या को जोड़ा जाय तो इस सूची में बीस हजार से अधिक ग्रंथों का विवरण प्राप्त होगा। समूचे साहित्यिक जगत् में ऐसी विशाल ग्रन्थ सूची का प्रकाशन संभवतः प्रथम घटना है। ये हस्तलिखित ग्रंथ राजस्थान के प्रमुख नगर जयपुर, अजमेर, उदयपुर, डूंगरपुर, कोटा, बूंदी, अलवर, भरतपुर, एवं प्रमुख कस्बे टोडारायसिंह, मालपुरा, नैणवा, इन्द्रगढ़, बयाना, वैर, दबलाना, फतेहपुर, दूनी राजमहल, बसवा, मादवा, दौसा आदि के दिगम्बर जैन मन्दिरों में स्थापित शास्त्र भण्डारों में संग्रहीत हैं। इनकी ग्रंथ सूची बनाने का कार्य हमारे साहित्य शोध विभाग के विद्वान् डा० कस्तूरचंद जी कासलीवाल एवं अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ ने स्वयं स्थान स्थान पर जाकर अवलोकन कर पूर्ण किया है। यह उनकी लगन एवं साहित्यिक रुचि का सुफल है। यह सूची साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। ग्रंथ सूची के अन्त में दी गई अनुक्रमणिकाएं प्राचीन साहित्य पर कार्य करने वाले शोधार्थियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण सिद्ध होंगी। शोधार्थियों एवं विद्वानों को कितने ही अज्ञात एवं अनुपलब्ध ग्रंथों का प्रथम बार परिचय प्राप्त होगा तथा भाषा के इतिहास में कितनी ही लुप्त कड़ियां और जुड़ सकेंगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

भगवान महावीर के जीवन पर निबद्ध नवलराम कवि का "वर्द्धमान पुराण" कामा के शास्त्र भंडार में उपलब्ध हुआ है यह १८ वीं शताब्दी की कृति है तथा भगवान महावीर के जीवन से सम्बन्धित हिन्दी कृतियों में अत्यधिक प्राचीन है। श्रीमहावीर जी क्षेत्र की ओर से भगवान महावीर के जीवन से सम्बन्धित प्रमुख हिन्दी काव्यों के शीघ्र प्रकाशन की योजना विचाराधीन है।

अभी राजस्थान में नागौर कुचामन, प्रतापगढ़, सागवाड़ा, आदि स्थानों के महत्वपूर्ण ग्रंथ भण्डारों की सूची का कार्य अवशिष्ट है। इनकी सूची दो भागों में समाप्त हो जायगी, ऐसी आशा है। इस प्रकार राजस्थान के शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची के ७ भाग प्रकाशित हो जाने के पश्चात् ग्रंथ सूची प्रकाशन की हमारी योजना भगवान महावीर की २५०० वी निर्वाण शताब्दी तक पूर्ण हो सकेगी।

प्रबन्धकारिणी कमेटी उन विभिन्न नगरों एवं कस्बों के शास्त्र भण्डारों के व्यवस्थापकों की आभारी है जिन्होंने विद्वानों को ग्रंथ सूची बनाने के कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। आशा है भविष्य में भी साहित्य सेवा के पुनीत कार्य में उनका सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

क्षेत्र कमेटी पूज्य १०८ मुनिवर श्री विद्यानन्दजी महाराज की भी आभारी है जिन्होंने इस सूची के प्रकाशनार्थ अपना पुनीत आशीर्वाद प्रदान करने की महती कृपा की है। साहित्योद्धार के कार्य में मुनिश्री द्वारा हमें बराबर प्रेरणा मिलती रहती है। हम साहित्य के मूर्धन्य विद्वान् डा० हजारीप्रसादजी द्विवेदी के भी आभारी है जिन्होंने इसका पुरोवाक् लिखने की कृपा की है।

महावीर भवन
जयपुर

सोहनलाल सोगाणी
मंत्री

आशीर्वाद

धर्म, जाति और समाज की स्थिति मे जहा संस्कृति मूल कारण है, वहा इनके संवर्धन और संरक्षण में साहित्य का भी महत्वपूर्ण स्थान है। संस्कृति एव साहित्य दोनो जीवन और प्राणवायु सदृश परस्परापेक्षी हैं। एक के बिना दूसरे की स्थिति संभव नहीं। अत. दोनो का संरक्षण आवश्यक है।

आदि युगपुरुष तीर्थंकर वृषभदेव से प्रवर्तित दिव्य देशना ने तीर्थंकर वर्द्धमान पर्यन्त और अद्यावधि जो स्थिरता धारण की, वह साहित्य की ही देन है। यदि आज के युग मे प्राचीन साहित्य हमारे बीच न होता तो हमारा अस्तित्व ही समाप्त प्राय था। भारत के प्रमुख शास्त्रागारो में आज भी विपुल साहित्य सुरक्षित है। न जाने, किन किन महापुरुषो, धर्मप्रेमियो ने इस साहित्य की कैसे कैसे प्रयत्नो से रक्षा की। पिछले समयो में बड़े बड़े उतार चढाव आये। मुगल साम्राज्य और विद्वेषियो के कब कब कितने कितने धर्मद्रोही झंझावात चले, इसका तो अतीत इतिहास साक्षी है। पर हा यह अवश्य है कि उस काल में यदि संस्कृति, साहित्य और धर्म के प्रेमी न होते तो आज के भण्डारो मे विपुल साहित्य सर्वथा दुर्लभ होता। सतोष है कि ऐसे साहित्य पर विद्वानों का ध्यान गया और अब धीरे धीरे तीव्रगति से उसके उद्धार का कार्य जनता के समक्ष आने लगा, यह सुखद प्रसग है।

राजस्थान के शास्त्र भण्डारो की ग्रंथ सूची का पचम भाग हमारे समक्ष है। इसके पूर्व चार भागों मे लगभग पच्चीस हजार ग्रंथो की सूची प्रकाशित हो चुकी है। इस भाग मे भी लगभग बीस हजार ग्रंथो की नामावली है। प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत, राजस्थानी और हिन्दी सभी भाषाओ में लगभग एक हजार लेखकों, आचार्यों, मुनियो और विद्वानों की रचनाय है। इन रचनाओ मे दोहा, चोपई, रास, फागु, बेलि, सतसई, बावनी, शतक आदि के माध्यम मे तत्व, आचार विचार एव कथा संबधी विविध ग्रंथ है।

श्री डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल समाज के जाने माने शोध विद्वान् है। भंडारो के शोध कार्य पर इन्हे पी-एच. डी. भी प्राप्त है। बृहत्सूची के उक्त सकलन, सपादन मे इन्हें लगभग बीस वर्ष लग चुके है और अभी कार्य शेष है। इस प्रसग मे डा० साहब एव उनके सहयोगियो को पैदल, ऊट गाडी व ऊटो पर सैकडो मीलो की यात्रा करनी पड़ी है, उन्होने अथक परिश्रम किया है। यह ऐसा कार्य है जो परम आवश्यक था और किसी का इस पर कार्य रूप मे ध्यान नही गया। डा० साहब के इस कार्य से वर्तमान एवं भावी पीढी के शोधार्थियो को पूरा पूरा लाभ मिलेगा ऐसा हमारा विश्वास है। साथ ही तीर्थंकर महावीर की २५०० वी निर्वाण शती के प्रसग में इस ग्रंथ का उपयोग और भी बढ़ जाता है। ग्रंथ भण्डारों मे उपलब्ध तीर्थंकर महावीर सम्बन्धी अनेक ग्रंथों का उल्लेख भी इस सूची मे है, जिनके आधार पर तीर्थंकर महावीर का प्रामाणिक जीवन प्रकाश मे लाया जा सकता है। और भी अनेक ग्रंथ प्रकाशित किये जा सकते हैं। समाज को इधर ध्यान देना उचित है। डा० साहब का प्रयास सर्वथा उपयोगी एव अनुकरणीय है।

प्रस्तुत प्रकाशन के महत्वपूर्ण कार्य से श्रीमहावीरजी प्रतिशय क्षेत्र कमेटी, उसके तत्कालीन मंत्रियों श्री ज्ञानचन्द्र खिन्दूका व श्री सोहनलाल सोगाणी के साहित्योद्धार प्रेम की झलक सहज ही मिल जाती है। अन्य तीर्थक्षेत्रों के प्रबन्धको को इनका अनुकरण कर साहित्योद्धार मे रुचि लेना सर्वथा उपयोगी है। ग्रंथ संपादन के कार्य में श्री पं० अनूपचंद न्यायतीर्थ, साहित्यरत्न से डा० साहब को पूरा पूरा सहयोग मिला है। हमारी भावना है कि समाज और देश इस अमूल्य सूची का अधिकाधिक लाभ ले सके।

विद्यानन्द मुनि

उज्जैन
३०-१२-७१

पुरोवाक्

मुझे राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की इस पांचवीं ग्रंथ सूची को देख कर बड़ी प्रसन्नता हुई। डा० कासलीवालजी ने विभिन्न नगरों एवं ग्रामों के ४५ शास्त्र भण्डारों का आलोडन करके इस ग्रंथ सूची को तैयार किया है। इसमें लगभग बीस हजार पाण्डुलिपियों का विवरण दिया हुआ है। इस ग्रंथ सूची में कुछ ऐसी महत्वपूर्ण पुस्तकें भी हैं जिनका अभी तक प्रकाशन नहीं हुआ है। मुझे यह कहने में जरा भी संकोच नहीं है कि डा० कस्तूरचन्द जी एवं पं० अनूपचन्द जी ने इस ग्रंथ सूची का प्रकाशन करके भारी शोध कर्त्ताओं और शास्त्र जिज्ञासुओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रंथ दिया है। इस प्रकार की ग्रंथ सूचियों में भिन्न भिन्न स्थानों में सुरक्षित और अज्ञात तथा अल्पज्ञात पुस्तकों का परिचय मिलता है और शोध कर्त्ता को अपने अभीष्ट मार्ग की सूचना में सहायता मिलती है। इसके पूर्व भी डा० कासलीवालजी ने ग्रंथ सूचियों का प्रकाशन किया है। वे इस क्षेत्र में चुपचाप महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। मेरा विश्वास है कि विद्वत् समाज उनके प्रयत्नों का पूरा लाभ उठाएगा।

यद्यपि इन ग्रंथों की सूची जैन भण्डारों से संग्रह की गई तथापि यह नहीं समझना चाहिए कि इसमें केवल जैन धर्म से संबद्ध ग्रंथ ही है। ऐसे बहुत से ग्रंथ हैं जो कि जैन धर्म क्षेत्र के बाहर भी पड़ते हैं और कई ग्रंथ हिन्दी साहित्य के शोध कर्त्ताओं के लिए बहुत उपयोगी जान पड़ते हैं। इस महत्वपूर्ण ग्रंथ सूची के प्रकाशन के लिए श्री महावीर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मन्त्री श्री सोहनलाल जी सोगाणी तथा डा० कस्तूरचन्द जी और पं० अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ साहित्य और विद्या प्रेमियों के हार्दिक धन्यवाद के अधिकारी हैं।

हजारी प्रसाद द्विवेदी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी

ग्रंथ सूची-एक झलक

क्रम संख्या	नाम		संख्या
१	ग्रंथ संख्या	.	५०५०
२	पाण्डुलिपि संख्या	..	२०,०००
३	ग्रंथकार	.	१०८०
४	ग्राम एवं नगर	.	६२०
५	शासकों की संख्या	..	१३५
६	अज्ञात एवं अप्रकाशित ग्रंथ विवरण		१००
७	ग्रंथ भण्डारों की संख्या		४५

आभार

हम सर्वप्रथम क्षेत्र की प्रबन्ध कारिणी कमेटी के सभी माननीय सदस्यों तथा विशेषतः निवर्तमान मंत्री श्री ज्ञानचन्द जी खिन्दूका एवं वर्तमान अध्यक्ष श्री मोहनलाल जी काला तथा मंत्री श्री मोहनलालजी सोगाणी के आभारी है जिन्होंने ग्रंथ सूची के इस भाग को प्रकाशित करवाकर साहित्य जगत् का महान् उपकार किया है। क्षेत्र कमेटी द्वारा साहित्य शोध एवं साहित्य प्रकाशन के क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण कार्य किया गया है वह अत्यधिक प्रशंसनीय एवं श्लाघनीय है। आशा है भविष्य में साहित्य प्रकाशन के कार्य को और भी प्राथमिकता मिलेगी।

हम राजस्थान के उन सभी दि० जैन मन्दिरों के व्यवस्थापकों के आभारी हैं जिन्होंने अपने यहां स्थित शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची बनाने में हमें पूर्ण सहयोग दिया। वास्तव में यदि उनका सहयोग नहीं मिलता तो हम इस कार्य में प्रगति नहीं कर सकते थे। ऐसे व्यवस्थापक महानुभावों में निम्न लिखित सज्जनों के नाम विशेषतः उल्लेखनीय है -

डूंगरपुर—	स्व० श्री भोगीचन्द जी गांधी
	स्व० श्री रतनलालजी कोटड़िया
	सूरजमलजी नन्दलालजी डूंडू सर्राफ
फतेहपुर—	श्री बाबू गिन्नीलालजी जैन
अजमेर—	समस्त समाज दि० जैन मन्दिर बडाधडा (भट्टारक) अजमेर
कोटा—	श्री डा० नेमीचन्द जी
	श्री स्व० ज्ञानचन्द जी
नैणवा—	श्री बाबू जयकुमार जी वकील
बूंदी—	श्री सेठ मदनमोहन जी कासलीवाल
	श्री केशरीमल जी गंगवाल
दूनी—	श्री मदनलाल जी
मालपुरा—	श्री समीरमल जी छाबडा
टोडारायसिंह—	श्री मोहनलालजी जैन
	श्री रतनलाल जी जैन
भरतपुर—	श्री बा० शिखरचन्द जी गोधा
उदयपुर—	श्री सेठ पन्नालाल जी जैन
	श्री मोतीलाल जी मींडा
बयाना—	श्री रोशनलाल जी ठेकेदार
जयपुर—	श्री मुंशी गेंदीलाल जी साह

इस अवसर पर स्व० गुरुवर्य्य प० चैनसुखदास जी सा० न्यायतीर्थ के चरणों में सादर श्रद्धाञ्जलि अर्पित है जिनकी सतत प्रेरणा से ही राजस्थान के इन शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची का कार्य किया जा सका। हम हमारे सहयोगी स्व० सुगनचन्द जी जैन की सेवाओं को भी नही भुला सकते जिन्होंने हमारे साथ रह कर शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची बनाने में हमे पूरा सहयोग दिया था। उनके आकस्मिक स्वर्गवास से साहित्यिक कार्यों में हमें काफी क्षति पहुंची है। हम उदीयमान शोधार्थी श्री प्रेमचंद रावका के भी आभारी हैं जिन्होंने ग्रंथ सूची की अनुक्रमणिकायें तैयार करने मे पूरा सहयोग दिया है।

हिन्दी के मूर्द्धन्य विद्वान् डा० हजारी प्रसाद जी द्विवेदी के हम अत्यधिक आभारी हैं जिन्होंने हमारे निवेदन पर ग्रंथ सूची पर पुरोवाक् लिखने की महती कृपा की है। जैन साहित्य की ओर आपकी विशेष रुचि रही है और हमें आशा है कि आपकी प्रेरणा से हिन्दी के इतिहास में जैन विद्वानो की कृतियो को उचित स्थान प्राप्त होगा।

राष्ट्रसत मुनिप्रवर श्री विद्यानदजी महाराज का हम किन शब्दो मे आभार प्रकट करें। मुनि श्री का आशीर्वाद ही हमारी साहित्यिक साधना का सबल है।

१-१-७२

कस्तूरचन्द कासलीवाल
अनूपचन्द न्यायतीर्थ

प्रस्तावना

राजस्थान एक विशाल प्रदेश है। इसकी यह विशालता केवल क्षेत्रफल की दृष्टि से ही नहीं है किन्तु साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से भी राजस्थान की गणना सर्वोपरि है। जिस प्रकार यहां के वीर शासकों एवं योद्धाओं ने अपने बहादुरी के कार्यों से देश के इतिहास को नयी दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण योग दिया है उसी प्रकार यहां के साहित्य सेवी समूचे भारत का गौरवमय वातावरण बनाने मे सक्षम रहे हैं। यहां की संस्कृति भारत की आत्मा है जो अहिंसा, सहअस्तित्व एवं सद्भाव की भावना से ओतप्रोत है। यही कारण है कि इस प्रदेश में युद्ध के समय में भी शांति रही और सभी वर्ग भारतीय संस्कृति के विकास में अपना अपना योग देते रहे। भारतीय साहित्य के विकास मे, उसकी सुरक्षा एवं प्रचार प्रसार में राजस्थानवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्कृत भाषा के साथ-साथ यहां के निवासियो ने प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी एवं गुजराती के विकास में भी सर्वाधिक योग दिया। राजस्थानी यहां की जन भाषा रही और उसके माध्यम से हिन्दी का खूब विकास हुआ। इसीलिये हिन्दी के प्राचीनतम कवियों की कृतियां यहीं के ग्रंथागारों में उपलब्ध होती हैं। यही स्थिति अन्य भाषाओं के सम्बन्ध में भी कही जा सकती है।

राजस्थान के शास्त्र भण्डारों का यदि मूल्यांकन किया जावे तो हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता एवं उनके साहित्यिक प्रेम की जितनी भी प्रशंसा की जावे वही कम रहेगी। उन्होंने समय की गति को पहिचाना, साहित्य निर्माण के साथ साथ उसकी सुरक्षा की ओर भी ध्यान दिया और धीरे-धीरे लाखों की संख्या में पाण्डुलिपियों का संग्रह कर लिया। मुसलिम शासन काल में जिस प्रकार उन्होंने साहित्यिक धरोहर को अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय समझ कर सुरक्षित रखा वह आज एक कहानी बन गयी है। यहां के शासक एवं जनता दोनों ने ही मिल कर अथक प्रयासों से साहित्य की अमूल्य निधि को नष्ट होने से बचा लिया। इसलिये यहां के शासकों ने जहां राज्य स्तर पर ग्रंथ संग्रहालयों एवं पोथीखानों की स्थापना की, वहां यहां की जनता ने अपने-अपने मन्दिरों एवं निवास स्थानों पर भी पाण्डुलिपियों का अपूर्व संग्रह किया। बीकानेर की अनूप संस्कृत लायब्रेरी एवं जयपुर का पोथीखाना जिस प्रकार प्राचीन पाण्डुलिपियों के संग्रह के लिये विश्वविख्यात हैं उसी प्रकार नागौर, जैसलमेर, अजमेर, आमेर, बीकानेर एवं उदयपुर के जैन ग्रंथालय भी इस दृष्टि से सर्वोपरि हैं। यद्यपि अभी तक विद्वानों द्वारा इन शास्त्र भण्डारों का पूर्णतः मूल्यांकन नहीं हो सका है फिर भी गत २० वर्षों में इन संग्रहालयों की जो ग्रंथ सूचियां सामने आयी हैं उनसे विद्वान वर्ग इस ओर आकृष्ट होने लगे है और अब शनैः शनैः इनमें संग्रहीत साहित्य का उपयोग होने लगा है।

जनता द्वारा स्थापित राजस्थान के इन शास्त्र भण्डारों मे जैन शास्त्र भण्डारों की सबसे बड़ी संख्या है। ये शास्त्र भण्डार राजस्थान के सभी प्रमुख नगरों एवं कस्बों मे मिलते हैं। यद्यपि अभी तक इन शास्त्र भण्डारों की पूरी सूची तैयार नहीं हो सकी है। मैंने अपने Jain Granth Bhandars in Rajasthan में ऐसे १०० शास्त्र भण्डारों का परिचय दिया है लेकिन उसके पश्चात् और भी कितने ही ग्रंथागारों का

अस्तित्व हमारे सामने आया है, इसलिये राजस्थान मे दिगम्बर एव श्वेताम्बर शास्त्र भण्डारो की संख्या की जावे तो वह २०० से कम नही होनी चाहिये। श्वेताम्बर शास्त्र भण्डारो की ग्रंथ सूचिया एव उनका सामान्य परिचय तो बहुत पहिले मुनि पुण्यविजय जी, मुनि जिनविजयजी एवं श्री अगरचन्द जी नाहटा प्रभृति विद्वानों ने साहित्यिक जगत को दे दिया था लेकिन दिगम्बर जैन मन्दिरों में स्थापित शास्त्र भण्डारों का परिचय देने एव उनकी ग्रंथ सूची बनाने का कार्य अनेक प्रयत्नों के बावजूद सन् १९४७ के पूर्व तक योजना बद्ध तरीके से प्रारम्भ नही किया जा सका। यद्यपि पं० परमानन्द जी शास्त्री, स्व० पं० जुगलकिशोर जी मुख्तार एवं श्रद्धेय स्व० प० चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ द्वारा इस ओर लोगों को बराबर प्रेरणाएं दी जाती रही लेकिन फिर भी कोई ठोस कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका। आखिर पं० चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ की बार बार प्रेरणाओं के फलस्वरूप श्रीमहावीर क्षेत्र के तत्कालीन मंत्री श्री रामचन्द्रजी सा० खिन्दूका ने इस दिशा मे पहल की तथा क्षेत्र की ओर से साहित्य शोध विभाग की स्थापना की गयी। इस प्रकार दिगम्बर जैन मन्दिरों मे स्थित शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची का कार्य प्रारम्भ हुआ। इसके पश्चात् ग्रंथ सूचियो के प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ किया गया और सन् १९४९ मे सर्व प्रथम राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रथ सूची प्रथम भाग (आमेर शास्त्र भण्डार की ग्रथ सूची) प्रकाशित हुआ। इसके पश्चात् तीन भाग और प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें बीस हजार से भी अधिक ग्रथों का परिचयात्मक विवरण दिया जा चुका है।

ग्रंथ सूची का पांचवां भाग विद्वानो एव पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है। इसमे जयपुर नगर के शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर लश्कर के अतिरिक्त सभी शास्त्र भण्डार राजस्थान के विभिन्न नगरो एव कस्बों में स्थित है। प्रस्तुत भाग में ४५ शास्त्र भण्डारों मे सग्रहीत २० हजार से भी अधिक पाण्डुलिपियो का परिचयात्मक विवरण दिया गया है। एक ही भाग में इतनी अधिक पाण्डुलिपियों का परिचय देने का हमारा यह प्रथम प्रयास है। इन शास्त्र भण्डारो की सूचीकरण के कार्य मे हमे दस वर्ष से भी अधिक समय लगा। एक एक भण्डार को देखना, वहां के ग्रंथों की धूल साफ करना, उन्हे सूची बद्ध करना, अस्तव्यस्त पत्रो को व्यवस्थित करना, पुराने एव जीर्ण शीर्ण वेष्टनो को नये वेष्टनो मे परिवर्तित करना, महत्वपूर्ण पाठों एव प्रशस्तियों की प्रति लिपि तैयार करना, पूरे ग्रथ भण्डार को व्यवस्थित करना आदि सभी कार्य हमे करने पड़े और यह कार्य कितना श्रम साध्य है इसे भुक्त भोगी ही जान सकता है। फिर भी, यह कार्य सम्पन्न हो गया हम तो इसे ही पर्याप्त समझते हैं क्योंकि कुछ ऐसे शास्त्र भण्डार भी हैं जिन्हे पचासों वर्षों से नही खोला गया और उनमे कितनी २ साहित्यिक निधिया विद्यमान हैं इसे जानने का कभी प्रयास ही नही किया।

इस ग्रंथ सूची में बीस हजार पाण्डुलिपियो के परिचय के अतिरिक्त सैकडो ग्रंथ प्रशस्तियों, लेखक प्रशस्तियों तथा अलभ्य एव प्राचीनतम पाण्डुलिपियो का परिचय भी दिया गया है। इस सूची के अवलोकन के पश्चात् विद्वानो को इसका पता लग सकेगा कि सैकड़ों ग्रंथो की कितनी २ महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियो की जानकारी मिली है जिनके बारे मे साहित्यिक जगत अभी तक अन्धेरे मे था। कुछ ऐसे ग्रथ है जिनकी पाण्डुलिपिया राजस्थान के प्रायः सभी शास्त्र भण्डारो मे उपलब्ध होती है जो उनकी लोकप्रियता की द्योतक है। स्वय ग्रंथकारों की मूल पाण्डुलिपियो की उपलब्धि भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। इन पाण्डुलिपियों के आधार पर प्रकाशन के समय पाठ भेद जैसा दुरूह कार्य कम हो जावेगा और पाठ की प्रामाणिकता मे ऊहापोह नहीं करना पड़ेगा। महापडित टोडरमल के आत्मानुशासन भाषा की विभिन्न भण्डारो में ४८ प्रतिलिपियां संग्रहीत हैं इसी प्रकार मनोहरदास सोनी की धर्मपरीक्षा की ४७ पाण्डुलिपिया, किशनसिंह के क्रियाकोश की ४५, द्यानतराय के चर्चाशतक की ३७,

पद्मनन्दि पंचविंशति की ३५, ऋषभदास निगोत्या के मूलाचार भाषा की ३३, शुभचन्द्र के ज्ञानार्णव की ३४, भूधरदास के चर्चासमाधान की २६ पाण्डुलिपिया उपलब्ध हुई हैं। सबसे अधिक महाकवि भूधरदास के पार्श्वपुराण की पाण्डुलिपियां हैं जिनकी संख्या ७३ है। पार्श्वपुराण का समाज मे कितना अधिक प्रचार था और स्वाध्याय प्रेमी इसका कितनी उत्सुकता से स्वाध्याय करते होंगे यह इन पाण्डुलिपियों की संख्या से अच्छी तरह जाना जा सकता है। पार्श्वपुराण की सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि सवत् १७९४ की है जो रचना काल के पांच वर्ष पश्चात् ही लिखी गयी थी। इसी तरह प्रस्तुत भाग में एक हजार से भी अधिक ग्रंथ प्रशस्तिया एव लेखक प्रशस्तियां भी दी गयी हैं जिनमें कवि एवं काव्य परिचय के अतिरिक्त कितनी ही ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी मिलती है। इतिहास लेखन में ये प्रशस्तियां अत्यधिक महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध होती है। उनमें जो तिथि, काल, वार नगर एवं शासकों का नामोल्लेख किया गया है वह अत्यधिक प्रामाणिक है और उन पर सहसा अविश्वास नही किया जा सकता। प्रस्तुत ग्रथ सूची में सैकडो शासको का उल्लेख है जिनमे केन्द्रीय, प्रान्तीय एव प्रादेशिक शासकों के शासन का वर्णन मिलता है। इसी तरह इन प्रशस्तियों में अनेको ग्राम एवं नगरों का भी उल्लेख मिलता है जो इतिहास की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

इस भाग मे राजस्थान के विभिन्न नगरों एव ग्रामों में स्थित दिगम्बर जैन मन्दिरो में संग्रहीत ४५ शास्त्र भण्डारों की हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचय दिया गया है। ये शास्त्र भण्डार छोटे बड़े सभी स्तर के हैं। कुछ ऐसे ग्रथ भण्डार हैं जिनमें दो हजार से भी अधिक पाण्डुलिपियों का सग्रह मिलता है तथा कुछ शास्त्र भण्डारों मे १०० से भी कम हस्तलिखित ग्रथ हैं। इन भण्डारों के अवलोकन के पश्चात् इतना कहा जा सकता है कि १५ वी शताब्दी मे लेकर १८ वी शताब्दी तक ग्रथों की प्रतिलिपि तथा उनके सग्रह का अत्यधिक जोर रहा। मुसलिम काल मे प्रतिलिपि की गयी पाण्डुलिपियों की सबसे अधिक संख्या है। ग्रंथ भण्डारों के लिये इन शताब्दियों को हम उनका स्वर्णकाल कह सकते हैं। आमेर, नागौर, अजमेर, सागवाड़ा, कामां, मोजमाबाद, बूंदी, टोडारायसिंह, चम्पावती (चाटसू) आदि स्थानो के शास्त्र भण्डार इन शताब्दियों में स्थापित किये गये और इन्ही स्थानो पर ग्रंथो की तेजी से प्रतिलिपि की गयी। यह युग भट्टारक सस्था का स्वर्ण युग था। साहित्य लेखन एव उनकी सुरक्षा एव प्रचार प्रसार में जितना इन भट्टारको का योगदान रहा उतना योगदान किसी साधु सस्था एव समाज का नही रहा। भट्टारक सकलकीर्ति से लेकर १८ वी शताब्दी तक होने वाले भट्टारक सुरेन्द्रकीर्ति तक इन भट्टारकों ने देश में जबरदस्त साहित्य प्रचार किया और जन जन को इस ओर मोडने का प्रयास किया।

लेकिन राजस्थान में महापडित टोडरमल जी के क्रान्तिकारी विचारों के कारण इस सस्था को जबरदस्त आघात पहुचा और फिर साहित्य लेखन का कार्य अवरुद्ध सा हो गया। जयपुर नगर ने सारे जैन समाज का मार्गदर्शन किया और यहा पर होने वाले पं० दौलतराम कासलीवाल, प० टोडरमल, भाई रायमल्ल, प० जयचन्द छाबड़ा, प० सदासुखदास कासलीवाल जैसे विद्वानो की कृतियो की पाण्डुलिपिया तो होती रही किन्तु प्राकृत, सस्कृत, अपभ्रंश एव हिन्दी राजस्थानी भाषा कृतियों की सर्वथा उपेक्षा कर दी गयी। यही नहीं ग्रथों की सुरक्षा की ओर भी काई ध्यान नहीं दिया गया। और हमारी इसी उपेक्षा वृत्ति से ग्रंथ भण्डारों के ताले लग गये। सैकडों ग्रंथ चूहों और दीमकों के शिकार हो गये और सस्कृत एव प्राकृत की हजारों पाण्डुलिपियों को नही समझ सकने के कारण जल प्रवाहित कर दिया गया।

लेकिन गत २५-३० वर्षों से समाज में एक पुनः साहित्यिक चेतना जाग्रत हुई और साहित्य सुरक्षा एवं उसके प्रकाशन की ओर उसका ध्यान जाने लगा। यही कारण है कि आज सारे देश में पुनः जैन ग्रंथागारों के ग्रंथ सूचियों की मांग होने लगी है। क्योंकि प्रादेशिक भाषाओं का महत्वपूर्ण संग्रह आज भी इन्हीं भण्डारों में सुरक्षित है। विश्वविद्यालयों में जैन आचार्यों एवं उनके साहित्य पर रिसर्च होने लगी है क्योंकि आज के विद्वान् एवं शोधार्थी साम्प्रदायिकता की परिधि से निकल कर कुछ काम करना चाहता है। इसलिये ऐसे समय में ग्रंथ सूचियों का प्रकाशन एक महत्वपूर्ण कार्य है। प्रस्तुत ग्रंथ सूची में राजस्थान के जिन शास्त्र भण्डारों का विवरण दिया गया है उनका परिचय निम्न प्रकार है—

शास्त्र भण्डार भट्टारकीय दि० जैन मन्दिर अजमेर

भट्टारकीय दि० जैन मन्दिर अजमेर का शास्त्र भण्डार राजस्थान के प्राचीनतम ग्रंथ भण्डारों मे से एक है। इस ग्रंथ भण्डार की स्थापना कब हुई थी इसकी तो अभी तक निश्चित खोज नहीं हो सकी है किन्तु यदि भट्टारकों की गादी के साथ शास्त्र भण्डारों की स्थापना का संबंध जोड़ा जावे तो यहां का शास्त्र भण्डार १२ वीं शताब्दी मे ही स्थापित हो जाना चाहिये, ऐसी हमारी मान्यता है। क्योंकि संवत ११६८ मे भट्टारक विशाल कीर्ति प्रथम भट्टारक के रूप में यहां की गादी पर बैठे थे। इसके पश्चात् १६ वी शताब्दी से तो अजमेर भट्टारकों का पूर्णतः केन्द्र बन गया। इन भट्टारकों ने पाण्डुलिपियों के लिखने लिखाने में अत्यधिक योग दिया और इस भण्डार की अभिवृद्धि की ओर खूब कार्य किया।

इस भण्डार को सर्व प्रथम स्व० श्री जुगलकिशोरजी मुख्तार एव प० परमानन्दजी शास्त्री ने वहा कुछ समय ठहरकर देखा था किन्तु वे इस की ग्रंथ सूची नहीं बना पाये इसलिए इसके पश्चात् दिसम्बर १६५८ में हम लोग वहां गये और पूरे आठ दिन तक ठहर कर इस भण्डार की ग्रंथ सूची तैयार की।

इस भण्डार में २०१५ हस्तलिखित ग्रथ एव गुटके है। कुछ ऐसे अपूर्ण एव स्फुट पत्र वाले ग्रंथ भी हैं जो सन्दूकों मे भरे हुए हैं। लेकिन समयाभाव के कारण उन्हें नहीं देखा जा सका। शास्त्र भण्डार में सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी इन चारों भाषाओं के ही अच्छे ग्रंथ हैं। इनमे प्राचीन पाडुलिपि समयसार प्राभृत की है जो सवत् १४६३ की लिखी हुई है। यह प्राकृत भाषा का ग्रंथ है और आचार्य कुंदकुंद की मौलिक कृति है। इसके अतिरिक्त आत्मानुशासन टीका (प्रभाचन्द्राचार्य) हरिवंश पुराण (ब्रह्म जिनदास) सागार धर्मामृत (आशाधर), धर्मपरीक्षा (अमितगति), सुकुमाल चरित्र (भ० सकलकीर्ति) की प्राचीन पाडु-लिपियां हैं। महा प० आशाधर का 'अध्यात्म रहस्य' एव जीवसार समुच्चय (वृषभदास) चित्रबंधस्तोत्र (मेधावी) पासचरिउ (तेजपाल) की ऐसी पाण्डुलिपियां हैं जो प्रथम बार इस भण्डार मे उपलब्ध हुई है। हिन्दी की कितनी ही ऐसी कृतियां उपलब्ध हुई हैं जो साहित्यक की दृष्टि मे अत्यधिक महत्वपूर्ण है। भगवतीदास की रचनाए जिनमे 'सीतासतु' 'शील बत्तीसी', राजमती गीत, अर्गलपुर जिन बंदना, राजावली, 'बनजारा गीत' 'राज मती नेमीश्वररास' के नाम उल्लेखनीय हैं, और एक ही गुटके मे उपलब्ध हुई हैं। ठाकुर कवि का शांति पुराण (सवत् १६५२) हिन्दी का एक अच्छा काव्य है घेल्ह कवि का 'बुद्धि प्रकाश' तथा बूचराज का 'भुवनकीर्ति गीत' एवं 'धर्मकीर्ति गीत' इतिहास की दृष्टि से भी अच्छी रचनाएं हैं। इसके अतिरिक्त भण्डार में 'सामुद्रिक पुरुष लक्षण' की पाण्डुलिपि है, जिसकी लेखक प्रशस्ति संवत् १७६३ भादवा सुदी १४ की है और उसमें यह लिखा हुआ है कि इस प्रति को जोबनेर मे पंडित टोडरमल के पठनार्थ प्रतिलिपि की गई थी। इससे महा पं० टोडरमलजी के

जीवन एवं आयु के सम्बन्ध में विशेष प्रकाश पड़ता है। यदि इस प्रशस्ति का सम्बन्ध पं० टोडरमलजी से ही है तो फिर टोडरमलजी की आयु के सम्बन्ध में सभी मान्यताएं (धारणाएं) गलत सिद्ध हो जाती हैं। यदि सवत् १७६३ में पंडितजी की आयु १५-१६ वर्ष की भी मान ली जावे तो उनके जीवन की नयी कहानी प्रारम्भ हो जाती है, और उनकी आयु २५-२६ वर्ष की न रहकर ५० वर्ष से भी ऊपर पहुंच जाती है लेकिन अभी इस की खोज होना शेष है।

अलवर

अलवर प्रान्त का नाम पहिले मत्स्य प्रदेश था जो महाभारत कालीन राजा विराट का राज्य था। मछेरी के नाम से अब भी यहा एक ग्राम है। जो मत्स्य का ही अपभ्रंश शब्द है। यही कारण है कि राजस्थान निर्माण के पूर्व अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली राज्यों के एकीकरण के पश्चात् इस प्रदेश का नाम मत्स्य देश रखा गया था। १६ वी शताब्दी के पूर्व अलवर भी जयपुर के राज्य में सम्मिलित था लेकिन महाराजा प्रतापसिंह ने अपना स्वतन्त्र राज्य स्थापित किया और उसका अलवर नाम दिया। अलवर नगर और देहली जयपुर के मध्य में बसा हुआ है।

जैन साहित्य और सस्कृति का भी अलवर प्रदेश अच्छा केन्द्र रहा है। इस प्रदेश मे अलवर के अतिरिक्त तिजारा, अजबगढ, राजगढ, आदि प्राचीन स्थान है और जिनमें शास्त्र भण्डार भी स्थापित हैं। यहा ७ मन्दिर हैं और सभी में ग्रंथ भण्डार है। सबसे अधिक ग्रंथ खण्डेलवाल पचायती मदिर एवं अग्रवाल पंचायती मदिर में हैं दि० जैन खण्डेलवाल पचायती मदिर में भक्तामर स्तोत्र एव तत्वार्थसूत्र की स्वर्णाक्षरी प्रतियां हैं जो कला की दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। जयपुर के महाराजा सवाई प्रतापसिंह द्वारा लिखित आयुर्वेदिक ग्रंथ 'अमृतसागर' की भी एक उत्तम प्रति है इसका लेखन काल सं० १७६१ है। खण्डेलवाल पंचायती मंदिर के शास्त्र भण्डार में २११ हस्तलिखित ग्रंथ एवं ४६ गुटके हैं जिनमें अध्यात्म बारहखडी (दौलतराम कासलीवाल), यशोधर चरित (पद्मनन्दि) राजवार्त्तिक (भट्टाकलंक) की प्रतियां विशेषतः उल्लेखनीय है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मंदिर दूनी

जयपुर से देवली जाने वाली सड़क पर स्थित दूनी एक प्राचीन कस्बा है। यह टोंक से १२ मील एव देवली से ६ मील है। जयपुर राज्य का यह जागीरी गांव था जिसके ठाकुर रावराजा कहलाते थे। यहां एक दि० जैन मंदिर है। मदिर के एक भाग पर एक जो लेख अंकित है उसके अनुसार इस मन्दिर का निर्माण सं० १५८५ में हुआ था और इसीलिये यहां का ग्रंथ भण्डार भी उसी समय का स्थापित किया हुआ है। यहां के ग्रंथ भण्डार में १४३ हस्तलिखित ग्रंथ हैं। जिनमें अधिकांश ग्रंथ हिन्दी भाषा के है। ग्रंथ भण्डार में सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि संवत् १५०० मे लिपि की हुई जिनदत्त कथा है। विद्यासागर की हिन्दी रचनाएं भी यहां संग्रहीत हैं जिनमें सोलह स्वप्न, जिनराज महोत्सव, सप्तव्यसन सवैया, आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह तानुशाह का झूलना, गंग कवि का 'राजुल का बारह मासा' हिन्दी की अज्ञात रचनाएं हैं।

गंग कवि पर्वत धर्मार्थी के पुत्र थे। भट्टारक शुभचन्द्र के जीवंधर स्वामी चरित्र की सवत् १६१५ में लिखी हुई पाण्डुलिपि भी उल्लेखनीय है। बाण कवि कृत कलियुगचरित्र (संवत् १६७४) की हिन्दी की अच्छी कृति है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन बघेरवाल मंदिर आवां

टोंक प्रांत का आवां एक प्राचीन नगर है। साहित्य एवं संस्कृति की दृष्टि से १६-१७ वी शताब्दी मे यह गौरव पूर्ण स्थान रहा। चारों ओर छोटी २ पहाड़ियों के मध्य मे स्थित होने के कारण जैन साधुओं के लिये चिन्तन करने का यह एक अच्छा केन्द्र रहा। सवत् १५९३ मे यहां मडलाचार्य धर्मकीर्ति के नेतृत्व में एक बिम्ब प्रतिष्ठा महोत्सव सपन्न हुआ था जिसका एक विस्तृत लेख मदिर में अंकित है। लेख में सोलकी वश के महाराजा सूर्यसेन के शासन की प्रशंसा की गयी है इसी लेख में महाराजा पृथ्वीराज के नाम के का उल्लेख हुआ है। नगर के बाहर समीप ही छोटी सी पहाडी पर भ० प्रभाचन्द्र, म० जिनचन्द्र, एव भ० धर्मचन्द्र की तीन निषेधिकाएं हैं जिनपर लेख भी अंकित है। ऐसी निषेधिकाएं इस क्षेत्र मे प्रथम बार उपलब्ध हुई है जो अपने युग मे भट्टारकों के जबरदस्त प्रभाव की द्योतक है।

यहा दो मदिर हैं एक बघेरवाल दि० जैन मदिर तथा दूसरा खण्डेलवाल दि० जैन मदिर। दोनों ही मदिरों मे हस्तलिखित ग्रथो का उल्लेखनीय संग्रह नही है केवल स्वाध्याय मे काम आने वाले ग्रन्थ ही उपलब्ध हैं।

बूंदी

बूंदी राजस्थान का प्राचीन नगर है जो प्राचीन काल के वृन्दावती मे नाम से प्रसिद्ध था। कोटा से बीस मील पश्चिम की ओर स्थित बूंदी एवं झालावाड़ का क्षेत्र हाडौती प्रदेश कहलाता है। मुगलशासन मे बूंदी के शासकों का देश की राजस्थान की राजनीति मे विशेष स्थान रहा। साहित्यिक एव सास्कृतिक दृष्टि से भी १७ वीं १८ वी एवं १९ वी शताब्दी मे यहा पर्याप्त गतिविधिया चलती रही। १७ वी शताब्दी में होने वाले जैन कवि पद्मनाभने बूंदी का निम्न शब्दो मे उल्लेख किया है—

> बूंदी इन्द्रपुरी जखिपुरी कि कुबेरपुरी
> रिद्धि सिद्धि भरी द्वारिकि कासी धरीधर मे
> धौमहर धाम, घर घर विचित्र बाम
> नर कामदेव जैसे सेवे सुख सर मे
> वापी बाग बाहण बाजार वीथी विद्या वेद
> विबुध विनोद बानी बोले मुखि नर मे
> तहा करे राज भावस्यघ महाराज
> हिन्दू धर्मलाज पातसाहि आज कर मे

१८ वीं शताब्दी मे कवि दिलाराम और हीरा के नाम उल्लेखनीय है। बूंदी नगर मे ५ ग्रन्थ भण्डार हैं जिनके नाम निम्न प्रकार हैं—

१ ग्रथ भण्डार दि जैन मदिर पार्श्वनाथ
२ ,, ,, आदिनाथ
४ ,, ,, अभिनन्दन स्वामी
४ ,, ,, महावीर स्वामी
५ ,, ,, नागदी (नेमिनाथ)

ग्रंथ भण्डार दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ

इस भण्डार में ३३४ हस्तलिखित ग्रंथ एवं गुटके हैं। अधिकांश ग्रंथ संस्कृत एवं हिन्दी भाषा के हैं तथा पूजा, कथा प्रधान एव स्तोत्र व्याकरण विषयक हैं। इस भण्डार में ब्रह्म जिनदास विरचित' रामचन्द्र रास' की एक सुन्दर पाण्डुलिपि है। इसी तरह भक्तामरस्तोत्र हिन्दी गद्य टीका की प्रति भी यहां उपलब्ध हुई है जो हेमराज कृत है।

ग्रंथ भण्डार दि० जैन मंदिर आदिनाथ

इस मन्दिर के ग्रथ भण्डार में १६८ हस्तलिखित ग्रंथो का सग्रह है इस संग्रह में ज्योतिष रत्नमाला की सबसे प्राचीन प्रतिलिपि है जो संवत् १५१६ मे लिपि की गई थी। इसी तरह सागारधर्मामृत, त्रिलोकसार एवं उपदेशमाला की भी प्राचीन प्रतिया हैं।

ग्रंथ भण्डार दि० जैन मन्दिर अभिनन्दन स्वामी

इस ग्रथ भण्डार में ३६८ हस्तलिखित ग्रंथो का सग्रह है। यह मदिर भट्टारकों का केन्द्र रहा था और यहां भट्टारक गादी भी थी, और सभवत इसी कारण यहां ग्रंथो का अच्छा सग्रह है। भण्डार मे अपभ्रंश भाषा की कृति 'करकण्डु चरिउ की' अपूर्ण प्रति है जो सस्कृत टीका सहित है। सग्रह अच्छा है तथा ग्रंथों की प्राचीन प्रतियां भी उल्लेखनीय हैं।

ग्रंथ भण्डार दि० जैन मंदिर महावीर स्वामी

यह मन्दिर विद्वानों का केन्द्र रहा है। यहां के ग्रंथों का अधिकांश संग्रह हिन्दी भाषा के ग्रंथों का है। इसमे पुराण, कथा, पूजा एव स्तोत्र साहित्य का बाहुल्य है। ग्रथों की सख्या गुटकों सहित १७२ है। अधिकाश ग्रथ १८-१६ वीं शताब्दी के है।

ग्रंथ भण्डार दि० जैन मंदिर नागदी (नेमिनाथ)

नेमिनाथ के मदिर में स्थित यह ग्रंथ भण्डार नगर का महत्वपूर्ण भण्डार है। यहां पूर्ण ग्रंथों की सख्या २२२ है जो सभी अच्छी दशा में है। लेकिन कुछ ग्रथ अपूर्ण अवस्था मे हैं जिनके पत्र इधर उधर हो गये हैं इस संग्रहालय में 'माधवानल प्रबन्ध' जो गोकुल के सुत नरसी की हिन्दी कृति है, की संवत् १६५५ की अच्छी प्रति है। श्रेणिक चरित्र (र० काल सं० १८२४-दौलत औसेरी) चतुर्गतिनाटक (डालूराम), आराधनासार (विमलकीर्ति), भागवत पुराण (श्रीधर) आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इस संग्रह मे एक गुटके में बूचराज कवि की हिन्दी रचनाओ का अच्छा संग्रह है।

इस प्रकार बूंदी नगर में हस्तलिखित ग्रंथों का महत्वपूर्ण सग्रह हैं।

नैणवा

बूंदी प्रांत का नैणवा एक प्राचीन नगर है जो बूंदी से ३२ मील है और रोड से जुडा हुआ है। यह नगर प्रारम्भ से ही साहित्य का केन्द्र रहा है। उपलब्ध हस्तलिखित ग्रंथों में प्रद्युम्नचरित की सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि

है जो सन् १४६१ में इसी नगर लिखी गई थी। भट्टारक सकलकीर्ति के गुरु भट्टारक पद्मनन्दि का नैणवा मुख्य स्थान था और सकलकीर्ति ने आठ वर्ष यहीं रह कर उनसे शिक्षा प्राप्त की थी। भट्टारक पद्मनन्दि द्वारा प्रतिष्ठापित संवत् १४७० की जिन प्रतिमायें टोंक के बाहुर जैन नशियां में विराजमान हैं। इसी तरह सन् १७१६ में केशवसिंह कवि ने भद्रबाहुचरित की यहीं बैठ कर रचना की थी लेकिन वर्तमान में अतीत के महत्व को देखते हुए यहां कोई अच्छा संग्रह नहीं है। यहां तीन जैन मन्दिर हैं और इन तीनों में करीब २२० हस्तलिखित ग्रंथों का संग्रह है। लेकिन यहां पर प्रतिलिपि किये हुए ग्रंथ आज भी बूंदी, कोटा, दबलाना, इन्द्रगढ़, आमेर, जयपुर, भरतपुर एवं कामां के भण्डारों में उपलब्ध होते हैं। इससे यहां की साहित्यिक गतिविधियो का सहज ही में पता चल जाता है। पुष्पदंत कवि का णायकुमारचरिउ एवं सिद्धचक्रकथा की प्राचीन पाण्डुलिपियां जयपुर के ग्रंथ भण्डारों में सुरक्षित हैं। इसी तरह समाधितन्त्र भाषा-पर्वतधर्मार्थी (सन् १७१६), क्रियाकोश भाषा-किशनसिंह (सन् १७५७) पार्श्वपुराण भूधरदास (संवत् १८०६) समयसार नाटक-बनारसीदास (सन् १८४१) आदि कुछ ऐसी पाण्डुलिपियां है जिनका लेखन इसी नगर में हुआ था।

शास्त्र भण्डार दि० जैन बघेरवाल मंदिर

यह यहा का प्राचीन एव प्रसिद्ध मन्दिर है जिसके शास्त्र भण्डार मे १०४ हस्तलिखित ग्रथों का सग्रह है। सभी ग्रंथ सामान्य विषयो से सम्बन्धित हैं। इसी भण्डार मे एक गुटका भी है जिसमे हिन्दी की कितनी ही अज्ञात रचनाओं का संग्रह है। कुछ रचनाओं के नाम निम्न प्रकार हैं—

सारसीखामणिरास	भट्टारक सकलकीर्ति	१५ वी शताब्दी
नेमिराजमतिगीत	ब्रह्म यशोधर	१६ वी शताब्दी
पञ्चेन्द्रियगीत	जिनसेन	,,
नेमिराजमति वेलि	सिहदास	,,
वैराग्य गीत	ब्रह्म यशोधर	,,

शास्त्र भण्डार दि० जैन तेरापंथी मन्दिर

इस शास्त्र भण्डार मे पुराण, पूजा, कथा एव चरित सम्बन्धी रचनाओ का सग्रह मिलता है। भट्टारक सकलकीर्ति के शिष्य श्री लालचन्द द्वारा निर्मित सम्मेदशिखर पूजा की एक प्रति ह जो सवत् १८४२ मे टोडा नगर मे छन्दोबद्ध की गयी थी। यहा तीन मन्त्र है जो कपडे पर लिखे हुए हैं। ऋषिमडल मत्र सवत् १५८५ का लिखा हुआ है। तथा २२×२३ इंच वाले आकार का है। मत्र पर दी हुई प्रशस्ति निम्न प्रकार है—

श्री श्री श्री शुभचन्द्रसूरिभ्यो नम। अथ सवत्सरेस्मिन श्री नृपविक्रमादित्य गताब्दः सवत् १५८५ वर्षे कार्तिक बदी ३ शुभ दिने श्री रिषीमडल यत्र ब्रह्म अउजयोग्य प० अर्हदासेन शिष्य पं० गजमलेन लिखित ग्रथ भवतु। वृहद् सिद्धचक्र यत्र का लेखन काल सवत् १६१८ है और धर्मचक्र यत्र का लेखन काल सवत् १६७४ है।

ग्रंथ भण्डार दि० जैन अग्रवाल मन्दिर

इस मन्दिर मे कोई उल्लेखनीय सग्रह नहीं है। केवल ३७ पाण्डुलिपियां हैं जो पुराण एवं कथा से सम्बन्धित है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मंदिर दबलाना

बूंदी से १० मील पश्चिम की ओर स्थित दबलाना एक छोटा सा गाव है, लेकिन हस्तलिखित ग्रंथों के संग्रह की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहा के भण्डार मे ४२३ हस्तलिखित ग्रंथों का सग्रह है। संग्रह से ऐसा पता लगता है कि यह सारा भण्डार किसी भट्टारक अथवा साधु के पास था। जिसने यहां लाकर मंदिर में विराजमान कर दिया। भण्डार मे काव्य, चरित, कथा, रास, व्याकरण, आयुर्वेद एवं ज्योतिष विषयक ग्रंथों का अच्छा संग्रह है। बूंदी, नैणवा, गोठडा, इन्द्रगढ, जयपुर, जोधपुर सागवाडा एवं सीसवाली में लिखे हुए ग्रंथों की प्रमुखता है। सबसे प्राचीन प्रति 'षडावश्यक बालावबोध' की पाण्डुलिपि है जो संवत् १५२१ में मालवा मंडल की राजधानी उज्जैन मे लिखी गयी थी। संवत् १४९९ मे लिखित मेहउ कवि का आदिनाथ स्तवन, लालदास का इतिहाससार समुच्चय, साधु ज्ञानचन्द द्वारा रचित सिंहासन बत्तीसी, रामयश (केशवदास) रचना काल स० १६८०, आदि ग्रंथो के नाम उल्लेखनीय हैं। भण्डार मे सग्रहीत पाण्डुलिपियां भी प्राचीन एवं शुद्ध है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ इन्दरगढ़

इन्दरगढ कोटा राज्य का प्राचीन शहर है। यह पश्चिमी रेलवे की बड़ी लाइन पर सवाईमाधोपुर और कोटा के मध्य में स्थित है। यहा के दि० जैन पार्श्वनाथ मन्दिर मे हस्तलिखित ग्रंथों का एक सग्रह उपलब्ध है शास्त्र भण्डार मे हस्तलिखित ग्रंथों की सख्या २८९ है। इसमे सिद्धान्त, स्तोत्र, आचार शास्त्र, से सम्बंधित पाण्डुलिपियों की सख्या सर्वाधिक हैं कुछ ग्रंथ ऐसे भी है। जिनका लेखन इस नगर में हुआ था।

शास्त्र भण्डार दि० जैन अग्रवाल मन्दिर फतेहपुर (शेखावाटी)

फतेहपुर सीकर जिले का एक सुन्दरतम नगर है। चुरु से सीकर जाने वाली रेल्वे लाइन पर यह पश्चिमी रेल्वे का स्टेशन है। जैन साहित्य और कला की दृष्टि से फतेहपुर प्रारम्भ से ही केन्द्र रहा। देहली के भट्टारकों का इस नगर से सीधा सम्पर्क रहा और वे यहा की व्यवस्था एव साहित्य सग्रह की ओर विशेष ध्यान देते रहे। यहा का शास्त्र भण्डार उन्ही भट्टारको की देन है। शास्त्र भण्डार मे हस्तलिखित ग्रंथों एव गुटकों की सख्या २७५ हैं। इनमे गुटको की सख्या ७३ हैं जिनमे कितने ही महत्वपूर्ण कृतिया संग्रहीत है। प०जीवनराम द्वारा लिखा हुआ यहा एक महत्वपूर्ण गुटका है जिसके १२२२ पृष्ठ है अभी तक शास्त्र भण्डारो मे उपलब्ध गुटकों मे यह सबसे बड़ा गुटका हैं इसमे ज्योतिष एवं आयुर्वेद के पाठो का सग्रह हैं। जिनकी एक लाख श्लोक प्रमाण संख्या है। इस गुटके को लिखने मे जीवनराम को २२ वर्ष (सवत् १८३८ से १८६०) लगे थे। इसका लेखन चुरु मे प्रारम्भ करके फतेहपुर में समाप्त हुआ था। इसी तरह भण्डार मे एक 'णमोकार महात्म्य कथा" की एक पाण्डुलिपि है जिसमें १३" × ७½" आकार वाले ७८९ पत्र हैं। यह पाण्डुलिपि सचित्र है जिसमें ७६ चित्र हैं जो जैन पौराणिक पुरुषों के जीवन कथाओं पर तैयार किये गये है। ग्रंथ भण्डार में हस्तलिखित ग्रंथ की अधिक संख्या न होते हुये भी कितने ही हिन्दी के ग्रंथ प्रथम बार उपलब्ध हुए जिनका परिचय आगे दिया गया है। यहां ग्रंथों की लिपि का कार्य भी होता था। त्रिलोकसार भाषा (सवत् १८०३), हरिवंश पुराण (संवत् १८२४) महावीर पुराण, समयसार नाटक एवं ज्ञानार्णव आदि की कितनी ही प्रतियों के नाम गिनाये जा सकते हैं। ग्रंथ सूची के कार्य में नगर के प्रसिद्ध समाज सेवी एव साहित्य प्रेमी श्री गिन्नीलाल जी जैन का सहयोग मिला उनके हम आभारी है।

भरतपुर

राजस्थान प्रदेश का भरतपुर एक जिला है। जो पर्याप्त समय तक साहित्यिक केन्द्र रहा था। व्रज भूमि भूमि मे होने के कारण यहा की भाषा भी पूर्णतः व्रज प्रभावित है। भरतपुर जिले मे भरतपुर, डीग, कामा, बयाना, बैर, कुम्हेर आदि स्थानो मे हस्तलिखित ग्रंथो का अच्छा सग्रह है।

भरतपुर नगर की स्थापना सूरजमल जाट द्वारा की गयी थी। १८ वी शताब्दी की एक कवि श्रुतसागर ने नगर की स्थापना का निम्न प्रकार वर्णन किया है —

देश काठहड विरजि मैं, वदनस्यंघ राजान।
ताके पुत्र है भलो, सूरिजमल गुणधाम।
तेज पुंज रवि है मयो लाभ कीर्ति गुणवान।
ताको सुजस है जगत मैं, तपं दूसरो मान।
तिनहु नगर जुब साइयो नाम भरतपुर तास।

शास्त्र भण्डार दि० जैन पंचायती मंदिर भरतपुर

ग्रंथो के सकलन की दृष्टि से इस मन्दिर का शास्त्र भण्डार इस जिले का प्रमुख भण्डार है। सभी ग्रंथ कागज पर लिखे हुए हैं। शास्त्र भण्डार की स्थापना कब हुई थी, इसकी निश्चत तिथि का तो कही उल्लेख नहीं मिलता लेकिन मन्दिर निर्माण के बाद ही जिले के अन्य स्थानों से लाकर यहा ग्रंथों का सग्रह किया गया। १६ वी शताब्दी मे ग्रंथों का सबसे अधिक सग्रह हुआ। भण्डार मे हस्तलिखित ग्रंथो की सख्या ८०१ है जिनमे सस्कृत एव हिन्दी भाषा के ही अधिक ग्रंथ हैं। सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि वृहद तपागच्छ गुर्वावली की जो मुनि सुन्दरसूरि द्वारा निर्मित है तथा जिसका लेखन काल सवत् १४६० है। इसी भण्डार मे सवत् १४६२ की दूसरी पाण्डुलिपि है। इसके अतिरिक्त गगाराम कवि का सभाभूषण, हर्षचन्द का पद सग्रह, विश्वभूषण का जिनदत्त भाषा, जोधराज कासलीवाल का सुखविलास की पाण्डुलिपिया उल्लेखनीय है। इसी भण्डार मे भक्तामर स्तोत्र की एक सचित्र पाण्डुलिपि हैं जिसमे ५१ चित्र है। मध्यकाल की शैली पर चित्रित सभी चित्र कला, शैली एव कलम की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इस पाण्डुलिपि का लेखन काल सवत् १८२६ है। जैन कला की दृष्टि से कलाकारो को इस पर विशद प्रकाश डालना चाहिये।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर फौजूराम

भरतपुर नगर का यह दूसरा जैन मन्दिर है जहा हस्तलिखित ग्रंथो का सग्रह है। मन्दिर के निर्माण को अभी अधिक समय नही हुआ इसलिये हस्तलिखित ग्रंथो का सग्रह भी करीब १०० वर्ष पुराना है। इस भण्डार में ६५ हस्तलिखित ग्रंथो का सग्रह है। इसी भण्डार मे कुम्हेर के गिरावरसिंह की तत्वार्थसूत्र पर हिन्दी गद्य टीका उल्लेखनीय कृति है। इसकी रचना सवत् १६३५ मे की गयी थी।

शास्त्र भण्डार पंचायती मन्दिर, डीग (नयो)

'डीग' पहिले भरतपुर राज्य की राजधानी थी। आज भी फव्वारो की नगरी के नाम से यह नगर प्रसिद्ध है। पचायती मन्दिर मे हस्तलिखित ग्रंथो का छोटा सा सग्रह है जिसमें ८१ पाण्डुलिपिया उपलब्ध होती

हैं। हिन्दी के प्रसिद्ध कवि सेवाराम पाटनी इसी नगर के थे। उनके द्वारा रचित मल्लिनाथचरित की मूल पाण्डुलिपि इसी भण्डार मे सुरक्षित है इस चरित काव्य का रचना काल संवत् १८५० है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन बड़ा पंचायती मन्दिर डीग

इस मन्दिर मे पहिले हस्तलिखित ग्रंथों का अच्छा संग्रह था। लेकिन मन्दिर के प्रबन्धकों की इस ओर उदासीनता के कारण अधिकाश संग्रह सदा के लिये समाप्त हो गया। वर्तमान मे यहा ५६ ग्रंथ तो पूर्ण एवं अच्छी स्थिति में है और शेष अपूर्ण एवं त्रुटित दशा मे संग्रहीत है। भण्डार मे भगवती आराधना भी सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि है। जिसका लेखन काल संवत् १५११ वैशाख शुक्ला सप्तमी है। इसकी प्रतिलिपि मांडलगढ में महाराणा कुंभकर्ण के शासन काल मे हुई थी। इसके अतिरिक्त राजहंस के षट्दर्शन समुच्चय, अपभ्रंश काव्य भविसयत्त चरिउ (श्रीधर), आत्मानुशासन (गुणभद्र) एव सकलकीर्ति के जम्बुस्वामी चरित की भी अच्छी पाण्डुलिपिया हैं।

शा त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर पुरानी डीग

पुरानी डीग का दि० जैन मन्दिर अत्यधिक प्राचीन है और ऐसा मालूम देता है कि इसका निर्माण १४ वी शताब्दी पूर्व ही हो चुका होगा। मन्दिर की प्राचीनता को देखते हुए यहा अच्छा शास्त्र भण्डार होना चाहिए लेकिन नयी डीग एव भरतपुर बनने के पश्चात् यहा से बहुत से ग्रंथ इधर उधर चले गये। वर्तमान में यहा के भण्डार में हस्तलिखित ग्रंथों की सख्या १०१ है लेकिन वे भी अच्छी तरह रखे हुए नही है। भण्डार के अधिकांश ग्रंथ हिन्दी भाषा के हैं। नथमल कवि ने जिनगुणविलास (रचना काल सं० १८२५) की एक पाण्डुलिपि यहा संवत् १८६६ की लिखी हुई है। मुकुन्ददास कवि के भ्रमरगीत की पाण्डुलिपि भी उल्लेखनीय है। कवि चुन्नीलाल की चोबीस तीर्थंकरपूजा की पाण्डुलिपि इस भण्डार मे सर्व प्रथम उपलब्ध हुई है। पूजा का रचना काल संवत् १९१४ है। इसकी रचना करौली मे हुई थी। इसी भण्डार मे खुशालचन्द्र काला की जन्म पत्री की प्रति भी संग्रहीत है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन खण्डेलवाल मन्दिर कामा

राजस्थान के प्राचीन नगरो मे कामा नगर का भी नाम लिया जाता है। पहिले यह भरतपुर राज्य का प्रसिद्ध नगर था लेकिन आजकल तहसील का प्रधान कार्यालय है। उक्त मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संगृहीत ग्रंथों के आधार पर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि यह नगर १७-१८ वी शताब्दी मे साहित्यक गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र रहा। हिन्दी के प्रसिद्ध महाकवि दौलतराम कासलीवाल के सुपुत्र जोधराज कासलीवाल यहा आकर रहने लगे थे जिन्होंने संवत् १८८४ मे सुखविलास की रचना की थी। इसी तरह इनसे भी पूर्व पंचास्तिकाय एव प्रवचनसार की हेमराज के हिन्दी टीका की पाण्डुलिपिया भी इसी भण्डार मे उपलब्ध होती है।

भण्डार में गुटको सहित ५७८ पाण्डुलिपिया उपलब्ध होती है। ये पाण्डुलिपियां संस्कृत, प्राकृत अपभ्रंश, हिन्दी, ब्रज एवं राजस्थानी भाषा से सम्बधित रचनाये हैं। यह भण्डार महत्वपूर्ण एवं अज्ञात तथा प्राचीन पाण्डुलिपियों की दृष्टि से राजस्थान के प्रमुख भण्डारों में से है। कामा नगर और फिर यह शास्त्र भन्डार साहित्यिक गतिविधियों का बड़ा भारी केन्द्र रहा। आगरा के पश्चात् और सागानेर एवं जयपुर के पूर्व कामा मे ही एक अच्छा संग्रहालय था। जहा विद्वानो का समादर था इसलिए भण्डार मे संवत् १४०५ तक की पाण्डुलिपियां मिलती है। यहा की कुछ महत्वपूर्ण पाण्डुलिपिया के नाम निम्न प्रकार है—

१ प्रबोध चिंतामणि	राजशेखर सूरि	संस्कृत	लिपि संवत् १४०५,
२. आत्मानुशासन टीक	प्रभाचन्द्र	,,	१४९१
३. आत्मप्रबोध	कुमार कवि	,,	१५४७
४. धर्मपचविंशति	ब्रह्म जिनदास	अपभ्रंश	—
५. पार्श्व पुराण	पद्मकीर्ति	,,	१५७४
६. यशस्तिलक चम्पू	सोमदेव	संस्कृत	१४६०
७. प्रद्युम्न चरित	सधारू कवि	व्रज भाषा	१४११ (रचना काल)

उक्त पाण्डुलिपियों के अतिरिक्त भंडार मे और भी अज्ञात, प्राचीन एव अप्रकाशित रचनाएं हैं।

शास्त्र भण्डार अग्रवाल पंचायती मन्दिर कामां

इस मन्दिर मे ग्रंथों की संख्या अधिक नही हैं। पहिले ये सभी ग्रंथ खण्डेलवाल पचायती मन्दिर मे ही थे लेकिन करीब ७० वर्ष पूर्व इस मन्दिर मे से कुछ ग्रथ अग्रवाल पचायती मन्दिर में स्थापित कर दिये गये। यहां ११५ हस्तलिखित ग्रंथ हैं। इस भण्डार में सधारू कवि कृत एक प्रद्युम्न चरित की भी पाण्डुलिपि है। जिसमें उसका रचना काल स० १३११ दिया हुआ है। किन्तु यह प्रति अपूर्ण है। इसी भण्डार में नवलराम कृत वर्द्धमान पुराण भाषा की पाण्डुलिपि है जो प्रथम बार उपलब्ध हुई है। इसका रचना काल स० १६६१ है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ टोडारायसिंह

टोडारायसिंह का प्राचीन नाम तक्षकगढ था। जैन ग्रंथो की प्रशस्तियों, शिलालेखो एव मूर्ति लेखों में तक्षकगढ का काफी नाम आता है। इसकी स्थापना नागाओं ने की थी तथा १५ वी शताब्दी तक यह प्रदेश उदयपुर के महाराणाओ के अधीन रहा। जैन धर्म एव साहित्य का तक्षकगढ से काफी सम्बन्ध रहा। बिजोलिया के एक लेख मे वर्णन आता है कि टोडानगर मे राजा तक्षक के पूर्वजो ने एक जैन मन्दिर बनाया था। जब से यह नगर सालकी वशी राजपूतो के अधीन हुआ बस उसी समय से जैन साहित्य के विकास मे इन राजाओं का काफी योगदान रहा। महाराजा रामचन्द्र राव के शासनकाल मे यहा बहुत से ग्रथो की प्रतिलिपिया सम्पन्न हुई। इनमे उपसकाध्ययन, णायकुमार चरित (स० १६१२), यशोधर चरित (सं० १५९५) जम्बूस्वामी चरित (सं० १६१०) आदि ग्रथो के नाम उल्लेखनीय है।

यहा दो मन्दिरो मे हस्तलिखित ग्रथो का सग्रह मिलता है। जिनका परिचय निम्न प्रकार है --

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर नेमिनाथ टोडारायसिह

नेमिनाथ स्वामी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे २१६ हस्तलिखित ग्रथो का सग्रह है। इस भण्डार मे सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि त्रिलोकसार टीका माधवचन्द्र त्रैवेद्य की है जो स० १५८८ सावण सुदी १४ की लिखी हुई है एक प्रवचनसार की संस्कृत टीका है जो स० १६०७ की है। इनके अतिरिक्त चौबीस तीर्थ करपूजा (देवीदास), आस्रवत्रिभगी टीका (प० सोमदेव), गुणस्थान चौपई (ब्र० जिनदास) रविव्रतकथा (विद्यासागर) आदि ग्रथों की पाण्डुलिपिया भी उल्लेखनीय है। भण्डार मे ऐसी कितनी ही रचनायें है जिनकी लिपि तक्षकपुर। (टोडारायसिंह) में हुई थी। इससे इस नगर की सांस्कृतिक महत्ता का स्वत ही पता चल जाता है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर पार्श्वनाथ टोडारायसिंह

इस मन्दिर में छोटा सा ग्रंथ भण्डार है जिसमे केवल ८१ पाडुलिपियां हैं जिनमें गुटके भी सम्मिलित हैं। यहाँ विलास सज्ञक रचनाओं का अच्छा सग्रह है जिनमें धर्म विलास (द्यानतराय) ब्रह्मविलास (भगवतीदास) सभाविलास, बनारसीविलास (बनारसीदास) आदि के नाम उल्लेखनीय है वैसे यहा पर ग्रंथों का सामान्य संग्रह है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर राजमहल

राजमहल बनास नदी के किनारे पर टोक जिले का एक प्राचीन कस्बा है। संवत् १६६१ में जब महाराजा मानसिह का आमेर पर शासन था तब राजमहल भी उन्ही के अधीन था। इसी सवत् में राजमहल में ब्रह्म जिनदास कृत हरिवंशपुराण की प्रति का लेखन हुआ था।

इस मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे २२५ हस्तलिखित पाण्डुलिपिया हैं जिनमे ब्रह्म जिनदास कृत करकण्डुरास, मुनि शुभचन्द्र की होली कथा, त्रिलोक पाटनी का इन्द्रिय नाटक आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। भण्डार मे हिन्दी के अधिक ग्रंथ है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर बोरसली कोटा

दि० जैन मन्दिर मे स्थित शास्त्र भण्डार नगर के प्रमुख ग्रंथ सग्रहालयो मे से है। इस भण्डार में ४०५ हस्तलिखित ग्रंथो का अच्छा सग्रह है। वैसे तो यहा प्राकृत, सस्कृत, अपभ्रंश, राजस्थानी एव हिन्दी सभी भाषाओं के ग्रंथों का सग्रह है लेकिन हिन्दी के ग्रंथो की अधिकता है। १८वीं शताब्दी में लिखे गये ग्रंथों का यहाँ अधिक सग्रह है इससे यह प्रतीत होता है कि इस शताब्दी मे यहा का साहित्यिक वातावरण अच्छा था। महीपाल चरित (सवत् १८५६), पर्वरत्नावली (सवत् १८५१) समाधितन्त्र भाषा (संवत् १८३३) ज्ञानदर्पण-दीपचन्द्र (संवत् १८३५) आदि कितनी ही पाण्डुलिपिया यहीं लिखी गयी थी। भण्डार में सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि आचार्य शुभचन्द्र के ज्ञानार्णव की है जिसका लेखन काल सवत् १५४८ है। पल्यविधानरास (भ० शुभचन्द्र) चन्द्रप्रभस्वामी विवाहलो (भ० नरेन्द्रकीर्ति) चेतावणी, रविव्रत कथा (मुनि सकलकीर्ति), परमार्थी पदशीलरास (कुमुदचन्द्र) नेमिविवाह पच्चीसी (वेगराज) आदि कुछ हिन्दी रचनायें इस शास्त्र भण्डार की महत्वपूर्ण कृतिया है जो भाषा, शैली एव काव्यात्मक दृष्टि से अच्छी रचनायें हैं।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर बयाना

राजस्थान प्रदेश का बयाना नगर प्राचीनतम नगरो में से है। यहा का किला चतुर्थ शताब्दि से पूर्व ही निर्मित हो चुका था। डा० अल्तेकर को यहा गुप्ता कालीन स्वर्ण मुद्राएं प्राप्त हुई थी। जैन सस्कृति और साहित्य की दृष्टि से भी यह प्रदेश अत्यधिक समृद्ध रहा था। यहाँ के दि० जैन मन्दिर १० वी शताब्दि के पूर्व के माने जाते हैं इस दृष्टि से यहां के शास्त्र भण्डार भी प्राचीन होने चाहिये थे लेकिन मुसलिम शासको का यह प्रदेश सदैव कोप भाजन रहा इसलिये यहाँ बहुमुल्य ग्रंथ सुरक्षित नहीं रह सके।

पंचायती मन्दिर का शास्त्र भण्डार यद्यपि ग्रन्थ संख्या की दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है लेकिन भण्डार पूर्ण व्यवस्थित है और प्रमुख रूप में हिन्दी पाण्डुलिपियो का अच्छा संग्रह है जिनकी सख्या १५० है।

इनमें व्रत विधान पूजा (हीरालाल लुहाडिया), चन्द्रप्रभपुराण (जिनेंद्रभूषण) बाहुबलि छन्द (कुमुदचन्द्र) नेमिनाथ का छन्द (हेमचन्द) नेमिराजुलगीत (गुणचन्द्र) उदरगीत (छीहल) के नाम उल्लेखनीय है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन छोटा मन्दिर बयाना

इस मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे १५१ पाण्डुलिपियो का सग्रह है। और जो प्राय सभी हिन्दी भाषा की है। षोडशकारणाद्यापनपूजा (सुमतिसागर) समोसरन पाठ (लल्लूलाल-रचना स० १८३४) लीलावती भाषा (लालचन्द रचना स० १७३६) अक्षरबावनी (केशव दास रचना सवत् १७३६) हिन्दी पद (खान मुहम्मद) आदि पाण्डुलिपियो के नाम विशेषत. उल्लेखनीय है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर बैर

बयाना से पूर्व की ओर 'बैर' नामक एक प्राचीन कस्बा है, जो आजकल तहसील कार्यालय है। यह स्थान चारो ओर परकोटे से परिवेष्टित है। मुगल एव मरहठा शासन मे यह उल्लेखनीय स्थान माना जाता था। यहा एक दि० जैन मन्दिर है जिसका शास्त्र भण्डार पूर्णतः अव्यवस्थित है। कुछ कृतियां महत्वपूर्ण अवश्य है इसमे साधु-वंदना (आचार्य कुंवर जी रचना काल स० १६२४) अध्यात्मक बारहखडी (दौलतराम कासलीवाल) के अतिरिक्त प० टोडरमल, भगवतीदास, रामचन्द्र, खुशालचन्द्र आदि का कृतियो का अच्छा संग्रह है।

उदयपुर

उदयपुर अपने निर्माण काल से ही राजस्थान की सम्मानित रियासत रही। महाराणा उदयसिंह ने इस नगर की स्थापना संवत् १६२६ मे की थी। भारतीय संस्कृति एव साहित्य को यहा के शासकों द्वारा जो विशेष प्रोत्साहन मिला वह विशेषत उल्लेखनीय है। जैन-धर्म और साहित्य के विकास की दृष्टि से भी उदयपुर का विशिष्ट स्थान है। चित्तौड के बाद मे इसे ही सभी दृष्टियो से प्रमुख स्थान मिला। मेवाड के शासको ने भी जैन-धर्म संस्कृति एव साहित्य के प्रचार एव प्रसार मे अत्यधिक योग दिया और उन्ही के आग्रह पर नगर मे मन्दिरो का निर्माण कराया गया। शास्त्र भण्डारों मे हस्तलिखित ग्रन्थो का सग्रह किया गया। इस नगर मे जिन ग्रन्थो की पाण्डुलिपिया की गयी वे आज राजस्थान के कितने ही शास्त्र भण्डारो मे सग्रहीत है। महाकवि दौलतराम कासलीवाल ने अपने जीवन की १५ शरद ऋतुए इसी नगर मे व्यतीत की थी। और जीवधर चरित, क्रियाकोश, श्रीपालचरित जैसी रचनाये इसी नगर मे रची थी। कवि ने वसुनन्दि श्रावकाचार एव जीवधर चरित मे यहा का अच्छा उल्लेख किया है। यहा तीन मन्दिरो में शास्त्र भण्डार स्थापित किये हुए मिलते हैं। जिनका परिचय निम्न प्रकार है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन अग्रवाल मन्दिर

दि० जैन अग्रवाल मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे हस्तलिखित पाण्डुलिपियो का अच्छा सग्रह है जिनकी सख्या ३८८ है। इनमे हिन्दी के ग्रन्थो की सख्या सबसे अधिक है। पूज्यपाद की सर्वार्थसिद्धि की सबसे प्राचीन पाण्डुलिपि है जो सवत् १३७० की है। इसकी प्रतिलिपि योगिनीपुर मे हुई थी। महाकवि दौलतराम कासलीवाल का यह मन्दिर साहित्यिक केन्द्र था। उनके जीवधर चरित की मूल पाण्डुलिपि इसी भण्डार मे सुरक्षित है। इस शास्त्र भण्डार में वर्धमान कवि के वर्धमानरास की एक महत्वपूर्ण पाण्डुलिपि है। इसके अतिरिक्त

अकलकयतिरास (जयकीर्त्ति) अजितनाथराम, अ बिकारास (ब्र० जिनदास) श्रावकाचार (धर्मविनोद) पंचकल्याणक पाठ (ज्ञानभूषण) चेतन-मोहराज सवाद (खेम सागर) आदि इस भण्डार की अलकृत प्रतियां हैं।

शास्त्र भण्डार दि० जैन खण्डेलवाल मन्दिर उदयपुर

इस शास्त्र भण्डार मे १८५ हस्तलिखित ग्रन्थों का सग्रह है जिनमें अधिकाश हिन्दी के ग्रन्थ हैं। इनमें नेमीनाथरास (ब्रह्म जिनदास) परमहस रास (ब्रह्म जिनदास) ब्रह्म विलास (भैया भगवतीदास) बणजारागीत (कुमुदचन्द्र) दानफल रास (ब्र० जिनदास) भविष्यदत्त रास (ब्र० जिनदास) रामरास (माधवदास) आदि के नाम विशेषतः उल्लेखनीय है। भण्डार मे भ० सकलकीर्ति की परम्परा के भट्टारको एव ब्रह्मचारियों की अधिक कृतियां हैं।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर संभवनाथ, उदयपुर

नगर के तीनो शास्त्रो मे इस मन्दिर का शास्त्र भण्डार सबसे प्राचीन, महत्वपूर्ण एव बडा है। भण्डार मे सग्रहीत सैकडो पाण्डुलिपियां अत्यधिक प्राचीन है एवं उनकी प्रशस्तियां नवीन तथ्यों का उद्घाटन करने वाली है। तथा साहित्यिक दृष्टि से इतिहास को नयी दिशा देने वाली है। वैसे यहा के हस्तलिखित ग्रन्थो की सख्या ५२४ है लेकिन अधिकाश पाण्डुलिपियां १५ वीं, १६ वीं, १७ वी, एव १८ वीं शताब्दि की हैं। भ० ज्ञानभूषण, ब्र० जिनदास के ग्रन्थो की प्रतियो का उत्तम सग्रह है। भट्टारक सकलकीर्ति रास एक ऐतिहासिक कृति है जिसमे भ० सकलकीर्ति एव भुवनकीर्ति का जीवन वृत्त दिया हुआ है। आचार्य जयकीर्ति द्वारा रचित रचना "सीताशीलपताकागुणवेलि" की एक सुन्दर प्रति है जिसका रचना काल स० १६२४ है। इसी तरह ब्र० वस्तुपाल का रोहिणीव्रत (रचना सवत् १६५४) हरिवशपुराण-अपभ्र श (यश.कीर्ति) धर्मशर्माभ्युदय (महाकवि हरिचन्द्र) सवत् १५१४ णमोकाररास (ब्र० जिनदास) जसहरचरिउ टीका प्रभाचन्द्र (स० १५७४) आदि पाण्डुलिपियो के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी शास्त्र भण्डार में एक ऐसा गुटका भी है जिसमे ब्रह्म जिनदास की रचनाओं का प्रमुख सग्रह मिलता है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन तेरहपंथी मन्दिर बसवा

बसवा जयपुर प्रदेश का एक प्राचीन नगर है। इसमें हिन्दी के कितने ही विद्वानों ने जन्म लिया और अपनी कृतियो से हिन्दी भाषा के विकास मे महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन विद्वानों में महाकवि प० दौलतराम कासलीवाल का नाम प्रमुख है। पडित जी ने २० से भी अधिक ग्रन्थो की रचना करके इस क्षेत्र में अपना एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। सेठ अमरचन्द बिलाला भी यही के रहने वाले थे। यहां कितनी ही हस्तलिखित ग्रन्थो की प्रतिलिपि हुई थी जो राजस्थान के विभिन्न भण्डारो मे एवं विशेषतः जयपुर के भण्डारों मे संग्रहीत हैं।

तेरहपंथी मन्दिर के शास्त्र भण्डार में यद्यपि ग्रन्थों का सग्रह १०० से अधिक नहीं है किन्तु इस लघु संग्रह में भी कितनी ही पाण्डुलिपियां उल्लेखनीय हैं। इनमें पार्श्वनाथस्तुति (पासकवि) राजनीति सवैय्या (देवीदास) अध्यात्म बारहखडी (दौलतराम) आदि रचनायें उल्लेनीय हैं।

शास्त्र भण्डार दि० जैन पंचायती मंदिर बसवा

इसी तरह यहां का पचायती मंदिर पुराना मंदिर है जिसमें १२ वी शताब्दी की एक विशाल जिन प्रतिमा है। यहां कल्पसूत्र की दो पाण्डुलिपिया है जो स्वर्णाक्षरी हैं तथा सार्थक है। इनमें एक में ३६ चित्र तथा दूसरे में ४२ चित्र हैं। दोनों ही प्रतियां संवत् १५३६ एवं १५२८ की लिखी हुई हैं। यहा पद्मनन्दि महाकाव्य की एक सटीक प्रति हैं जिसके टीकाकार प्रहलाद हैं। इस ग्रथ की प्रतिलिपि सवत् १७६८ मे बसवा मे ही हुई थी। महाकवि श्रीधर की अपभ्रंश कृति भविसयत्त चरिउ की सवत् १४६२ की पाण्डुलिपि एव समयसार की तात्पर्यवृत्ति की सवत् १४४० की पाण्डुलिपि उल्लेखनीय है। प्राचीन काल मे यह भण्डार और महत्वपूर्ण रहा होगा ऐसी पूर्ण संभावना है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर भादवा

भादवा फुलेरा तहसील का एक छोटा सा ग्राम है। पश्चिमी रेलवे की रिवाड़ी फुलेरा ब्राच लाइन पर भैसलाना स्टेशन है। जहा से यह ग्राम तीन मील दूरी पर स्थित है। जैन दर्शन के प्रकाण्ड विद्वान स्व० पं० चैनसुखदास न्यायतीर्थ का जन्म यही हुआ था। यहा के दि० जैन मन्दिर मे एक शास्त्र है जिसमे १५० से अधिक हस्तलिखित ग्रथो का सग्रह है।

शास्त्र भण्डार मे हिन्दी कृतियो की अच्छी सख्या है। इनमे द्यानतराय का धर्म विलास, भैय्या भगवतीदास का 'ब्रह्म विलास' तथा धर्मदास का 'श्रावकाचार' के नाम विशेषत: उल्लेखनीय है। गुटको मे भी छोटी छोटी हिन्दी कृतियो का अच्छा सग्रह है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर डूगरपुर

डूगरपुर नगर प्रारम्भ मे ही जैन साहित्य एव सस्कृति का केन्द्र रहा। १५ वी शताब्दी मे जब से भट्टारक सकलकीर्ति ने यहा अपनी गादी की स्थापना की, उसी समय मे यह नगर २-३ शताब्दियो तक भट्टारको एव समारोहो का केन्द्र रहा। संवत् १४८२ मे यहा एक भव्य समारोह मे सकलकीर्ति को भट्टारक के अत्यन्त सम्माननीय पद की दीक्षा दी गयी।

> चउदय व्यासीय सवति कुल दीपक नरपाल सघपति।
> डूगरपुर दीक्षा महोछव तीणि कीया ए।
> श्री सकलकीर्ति सह गुरि सुकरि दीधी दीक्षा आणदभरि।
> जय जय कार सयलि सचराचरए गणधार ॥

भ० सकलकीर्ति के पश्चात् यहा भुवनकीर्ति, ज्ञानभूषण, विजयकीर्ति एव शुभचन्द्र जैसे महान् व्यक्तित्व के धनी भट्टारकों का यहां सम्मेलन रहा और इस प्रकार २०० वर्षो तक यह नगर जैन समाज की गतिविधियो का केन्द्र रहा। इसलिए नगरके महत्व को देखते हुए वर्तमान मे जो यहा शास्त्र भण्डार है वह उतना महत्वपूर्ण नही है। यहा का शास्त्र भण्डार दि० जैन कोटडिया मन्दिर मे स्थापित किया हुआ है जिसमे हस्तलिखित ग्रथो की संख्या ५५३ है। जिनमे चन्दनमलयगिरि कथा, आदित्यवार कथा, एव राग रागनियो की सचित्र पाण्डुलिपियो है। इसी भण्डार मे ब्र० जिनदास कृत रामरास की पाण्डुलिपि है जो अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके

अतिरिक्त ब्र० जिनदास की भी रासक कृतियों का यहां अच्छा संग्रह है। ठेकुरसी का सुकौशलरास, यशोधर चरित (परिहानन्द) सम्मेदशिखर पूजा (रामपाल) जिनदत्तरास (रत्नभूषणसूरि) रामायण छप्पय (जयसागर) आदि और भी पाण्डुलिपियों के नाम उल्लेखनीय हैं। यहां भट्टारकों द्वारा रचित रचनाओं का अच्छा संग्रह है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर मालपुरा

मालपुरा अपने क्षेत्र का प्राचीन नगर रहा था। तत्कालीन साहित्य एवं पुरातत्व को देखने से मालूम होता है कि टोडारायसिंह (तक्षकगढ) एवं चाटसू (चम्पावती) के समान ही मालपुरा भी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अच्छा केन्द्र रहा। जयपुर के पाटोदी के मंदिर के शास्त्र भण्डार में एक गुटका संवत् १६१६ का है जो यहीं लिखा गया था। मालपुरा का दूसरा नाम द्रव्यपुर भी था। यहां सभी जैन मन्दिर विशाल ही नहीं किन्तु प्राचीन एवं कला पूर्ण भी हैं तथा दर्शनीय हैं। ये मन्दिर नगर के प्राचीन वैभव की ओर संकेत करते हैं। यहां की दादाबाड़ी ओसवाल समाज का तीर्थस्थान के रूप में प्रसिद्ध है।

यहा तीन मन्दिरों मे मुख्य रूप से शास्त्र भण्डार है। इनके नाम हैं चौधरियों का मन्दिर, आदिनाथ स्वामी का मन्दिर तथा तेरापंथी मन्दिर। यद्यपि इन मन्दिरों में ग्रंथों की सख्या अधिक नहीं है किन्तु कुछ पाण्डुलिपियां अवश्य उल्लेखनीय है। इनमे ब्रह्म कपूरचन्द का पार्श्वनाथरास तथा हर्षकीर्ति के पद हैं।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर करौली

करौली राजस्थान की एक रियासत थी। आजकल यह सवाईमाधोपुर जिले का उपजिला है। १८ वीं १६ वी शताब्दी मे यहा अच्छी साहित्यिक गतिविधिया रही। नथमल बिलाला, विनोदीलाल, लालचन्द आदि कवियो का यह नगर केन्द्र रहा था। यहा दो मन्दिर हैं और दोनो मे ही शास्त्रों का संग्रह है। इन मन्दिरों के नाम हैं दि० जैन पंचायती मन्दिर एव दि० जैन सोगाणी मन्दिर। इन दोनो ग्रंथ भण्डारों में २७५ हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का सग्रह है। अधिकाश हिन्दी की पाण्डुलिपियां हैं। अपभ्रंश भाषा की वरांग चरित्र की पाण्डुलिपि का भी यहा सग्रह है। सवत् १८४८ मे समोसरनमगल चौबीसी पाठ की रचना करौली में हुई थी। इसकी छन्द संख्या ४०५ है। यह संभवत. नथमल बिलाला की कृति है। ग्रंथ भण्डार पूर्णतः व्यवस्थित एव उत्तम स्थिति मे है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन बीस पंथी मंदिर दौसा

दौसा ढूंढाहड प्रदेश का प्राचीन नगर रहा है। यहा पहिले मीणा जाति का शासन था और उसके पश्चात् यह कछवाहा राजपूतो की राजधानी रहा। इसका प्राचीन नाम देवगिरि था। यहां दो जैन मन्दिर है और दोनों में ही हस्तलिखित ग्रंथो का सकलन है।

इस मन्दिर के प्रमुख वेदी के पिछले भाग मे अंकित लेखानुसार इस मन्दिर का निर्माण संवत् १७०१ में हुआ था। यहां के शास्त्र भण्डार में हस्तलिखित ग्रंथों की सख्या १७७ है जिनमे गुटके भी सम्मिलित हैं। अधिकांश ग्रंथ हिन्दी भाषा के हैं जिनमे परमहस चौपई (ब्र० रायमल्ल) श्रावकाचार रास (जिणदास) यशोधर चरित्र (संस्कृत–पूर्णदेव) सम्यकत्वकौमुदी भाषा (मुनि दयानन्द) रामयश रसायन (केशराज) आदि ग्रंथों के नाम विशेषतः उल्लेखनीय है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन तेरहपंथी मन्दिर दौसा

इस मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे हस्तलिखित ग्र थों की सख्या १५० है लेकिन सग्रह की दृष्टि से भण्डार की सभी पाण्डुलिपियां महत्त्वपूर्ण है। अधिकांश ग्र थ अपभ्र श एव हिन्दी के हैं। अपभ्रंश ग्र थों में जिणयत्त चरिउ (लाखू) सुकुमाल चरिउ (श्रीधर) वड्ढमाणकहा (जयमित्तहल) भविसयत्तकहा (धनपाल) महापुराण (पुष्पदंत) के नाम उल्लेखनीय हैं। हिन्दी भाषा के ग्र थो मे चौदहगुणस्थान चर्चा (अखयराज श्रीमाल) विल्हण चौपई (सांरग) प्रियमेलक चौपई (समयसुन्दर सिहासन बत्तीसी (हीर कलश) की महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियां है। इसी भण्डार में तत्वार्थसूत्र की एक सस्कृत टीका सवत् १५७७ की पाण्डुलिपि भी उपलब्ध है।

शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर लश्कर जयपुर

जयपुर के अधिकाश शास्त्र भण्डारो की सूची इससे पूर्व चार भागो मे प्रकाशित हो चुकी है लेकिन अब भी कुछ शास्त्र भण्डार बच गये हैं। दि० जैन मन्दिर लश्कर नगर का प्रसिद्ध एव विशाल मन्दिर है। यहा का शास्त्र भण्डार भी अच्छा है तथा सुव्यवस्थित है। पाण्डुलिपियों की सख्या ८२८ है। सग्रह अत्यधिक महत्व पूर्ण है। यह मन्दिर वर्षों तक साहित्यिक गतिविधियो का केन्द्र रहा है। बख्तराम साह ने अपने बुद्धिविलास एव मिथ्यात्व खडन की रचना इसी मन्दिर मे बैठ कर की थी। केशरीसिंह ने भी वर्द्धमान पुराण (सवत् १८२५) की भाषा टीका इसी मन्दिर में पूर्ण की थी। यह मन्दिर बीसपथ आम्नाय वालो का आश्रय दाता था। यहा सस्कृत ग्र थों का भी अच्छा संग्रह उपलब्ध होता है। प्रमाणनयतत्वालोकालकार टीका (रत्नप्रभाचार्य) आत्मप्रबोध (कुमार कवि) आप्तपरीक्षा (विद्यानन्दि) रत्नकरण्डश्रावकाचार टीका (प्रभाचन्द्र) शान्तिपुराण (प० अशग) आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। भट्टारक ज्ञानभूषण के आदीश्वरफाग की सवत् १५८७ की एक सुन्दर प्रति यहां के सग्रह में है।

विषय विभाजन

प्रस्तुत ग्रन्थ सूची मे हस्तलिखित ग्रन्थो को २४ विषयो मे विभाजित किया गया है। धर्म, आचार शास्त्र, सिद्धान्त एव स्तोत्र तथा पूजा विषयो के अतिरिक्त पुराण, काव्य, चरित, कथा, व्याकरण, कोश, ज्योतिष, आयुर्वेद, नीति एव सुभाषित विषयों के आधार पर ग्रन्थो की पाण्डुलिपियों का परिचय दिया गया है। इस बार संगीत रास, फागु, वेलि एव विलास जैसे पूर्णत साहित्यिक विषयो से सम्बन्धित ग्रन्थों का विशेष विवरण मिलेगा। जैन भण्डारों मे इन विषयो के सार्वजनिक उपयोग के ग्रन्थो की उपलब्धि मे इन भण्डारो की सहज उपादेयता सिद्ध होती है। साहित्य की ऐसी एक भी विधा नही है जिस पर इन भण्डारो के ग्रन्थ नही मिलते हो इसलिये शोधार्थियो के लिये तो य शास्त्र भण्डार साक्षात सरस्वती के वरदान के समान है। चाहे कोई विषय हो अथवा साहित्य की कोई विधा, ग्रन्थ भण्डारो मे उन पर हस्तलिखित ग्रन्थ अवश्य मिलेगे। रास, फागु, बेलि, गीत, विलासात्मक कृतियों के अतिरिक्त चौढालिया, अष्टक, बारहमासा, द्वादशा, पच्चीसी, छत्तीसी, शतक, सतसई, आदि पचासो सख्यावाचक काव्यो का अपरिमित साहित्य इन शास्त्र भण्डारो मे उपलब्ध होते हैं। यही नही कुछ ऐसे काव्यात्मक विषय है जिन पर अन्यत्र इतना विशाल रूप मे साहित्य मिलना कठिन है। इनमें धमाल एव सवादात्मक प्रमुख हैं। जैन कवियो ने अपने काव्यो की लोक प्रियता बढाने के लिये उनको नये नये नाम दिये। यह सब उनकी सूझबूझ का ही परिणाम है।

सैकड़ों ऐसी कृतियां हैं जो अभी तक प्रकाश में नहीं आ सकी हैं और जो कुछ कृतियां प्रकाश में आयी है उनकी भी प्राचीनतम पाण्डुलिपि का विवरण हमे ग्रन्थ सूची के इस भाग में मिलेगा। किसी भी ग्रन्थ की एक से अधिक पाण्डुलिपि मिलना निःसन्देह ही उसकी लोकप्रियता का द्योतक है। क्योंकि उस युग में ग्रन्थों का लिखवाना, शास्त्र भण्डारों में विराजमान करना एवं उन्हे जन जन को पढने के लिये देना जैनाचार्यों की एक विशेषता रही थी। ये ग्रन्थ भण्डार हमारी सतत साधना के उज्ज्वल पक्ष हैं।

महत्वपूर्ण साहित्य की उपलब्धि

प्रस्तुत ग्रन्थ सूची मे सैकड़ो ऐसी कृतियां आयी हैं जिनका हमें प्रथम बार परिचय प्राप्त हो रहा है। ये कृतियां मुख्यतः सस्कृत, हिन्दी तथा राजस्थानी भाषा की हैं। इनमे भी सबसे अधिक कृतियां हिन्दी की हैं। वास्तव में जैन कवियों ने हिन्दी के विकास मे जो योगदान दिया उसका अभी कुछ भी मूल्यांकन नही हो सका है। अकेले ब्रह्म जिनदास की ६० से भी अधिक रचनाओ का विवरण इस सूची में मिलेगा। इसी तरह और भी कितने ही कवि हैं जिनकी बीस से अधिक रचनाएँ उपलब्ध होती हैं लेकिन अभी तक उनका विशद परिचय हम नही जान सके। यहा हम उन सभी कृतियो का सक्षिप्त रूप से परिचय उपस्थित कर रहे हैं जो हमारी दृष्टि में मे नयी अथवा अज्ञात रचनायें हैं। हो सकता है उनमे से कुछ कृतियों का परिचय विद्वानो को मालूम हो। यहां इन कृतियों का परिचय मुख्यत. विषयानुसार दिया जा रहा है।

१ कर्मविपाक सूत्र चौपई (८१)

प्रस्तुत कृति किस कवि द्वारा लिखी गयी थी इसके बारे में रचना में कोई उल्लेख नहीं मिलता। लेकिन कर्म सिद्धांत पर यह एक अच्छी कृति है जिसमे २४११ पद्यों में विषय का वर्णन किया गया है। चौपई की भाषा हिन्दी है जिस पर गुजराती का प्रभाव है। इसकी एकमात्र पाण्डुलिपि अजमेर के भट्टारकीय शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत हैं।

२ कर्मविपाक रास (८२

कर्म सिद्धान्त पर आधारित रास शैली मे निबद्ध यह दूसरी रचना है जिसकी दो पण्डुलिपिया राजमहल (टोंक) के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध होती हैं। रचना काफी बडी है तथा इसका रचना काल सवत् १८२४ है।

३ चौदह गुण स्थान वचनिका (३३२)

अखयराज श्रीमाल १८ वीं शताब्दि के प्रमुख हिन्दी गद्य लेखक थे। 'चौदह गुण स्थान वचनिका' की कितनी ही पाण्डुलिपिया मिलती हैं लेकिन उनका आकार अलग अलग है। दि० जैन तेरहपंथी मन्दिर दौसा में इसकी एक पण्डुलिपि है जिसमें ३६६ पत्र हैं। इसमे गोम्मटसार, त्रिलोकसार एवं लब्धिसार के आधार पर गुणस्थानों सहित अन्य सिद्धान्तों पर चर्चा की गयी है। वचनिका की भाषा राजस्थानी है। अखयराज ने रचना के अन्त में निम्न प्रकार दोहा लिख कर उसकी समाप्ति की है।

चौदह गुणस्थान कथन, भाषा सुनि सुख होय ।
अखयराज श्रीमाल ने, करी जथामति जोय ।।

४ चौबीस गुणस्थान चर्चा (३४१)

दादूपथ के साधु गोविन्द दास की इस कृति की उपलब्धि टोडारायसिंह के दि० जैन नेमिनाथ मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे हुई है। गोविन्द दास नासरदा मे रहते थे और उसी नगर मे सवत १८८१ फागुण सुदी १० के दिन इसे समाप्त की गयी थी। रचना अधिक बड़ी नही है लेकिन कवि ने लिखा है कि सस्कृत और गाथा (प्राकृत) को समझाना कठिन है इसलिये उसने हिन्दी में रचना की है। प्रारम्भ मे उसने पच परमेष्टि को नमस्कार किया है।

५ तत्त्वार्थ सूत्र भाषा (५३०)

तत्त्वार्थ सूत्र जैनधर्म का सबसे श्रद्धास्पद ग्रन्थ है। सस्कृत एव हिन्दी भाषा मे इस पर पचासों टीकायें उपलब्ध होती हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ सूची मे २०० से अधिक पाण्डुलिपियां आयी है जो विभिन्न विद्वानों की टीकाओं के रूप में है।

प्रस्तुत कृति साहिबराम पाटनी की है जो बूंदी के रहने वाले थे तथा जिन्होंने तत्त्वार्थ सूत्र पर विस्तृत व्याख्या संवत १८१८ मे लिखी थी। बयाना के शास्त्र भाण्डार से जो पाण्डुलिपि उपलब्ध हुई है वह भी उसी समय की है जिस वर्ष पाटनी द्वारा मूल कृति लिखी गयी थी। कवि ने अपने पूर्ववर्ती विद्वानों की टीकाओं का अध्ययन करने के पश्चात् इसे लिखा था।

६ त्रिभंगी सुबोधिनी टीका (६२३)

त्रिभगीसार पर यह पडित आशाधर की सस्कृत टीका है जिसकी दो प्रतिया जयपुर के दि० जैन मन्दिर, लश्कर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत है। नाथूराम प्रेमी ने आशाधर के जिन १६ ग्रन्थो का उल्लेख किया है उसमे इस रचना का नाम नही है। टीका की जो दो पाण्डुलिपिया मिली है उनमें एक सवत् १५८१ की लिखी हुई है तथा दूसरी प्रसिद्ध हिन्दी विद्वान् जोधराज गोदीका की स्वय की पाण्डुलिपि है जिसे उन्होंने मालपुरा मे स्थित किसी श्वेताम्बर बन्धु से ली थी।

धर्म एवं आचार शास्त्र

७ क्रियाकोश भाषा (६९६)

यह महाकवि दौलतराम कासलीवाल की रचना है जिसे उन्होने सवत १७९५ मे उदयपुर नगर में लिखा था। प्रस्तुत पाण्डुलिपि स्वय महाकवि की मूल प्रति है जो इतिहास एव साहित्य की अमूल्य धरोहर है। उस समय कवि उदयपुर नगर मे जयपुर महाराजा की ओर से वकील की पद पर नियुक्त थे।

८ चतुर चितारणी (१०५८)

प्रस्तुत लघु कृति महाकवि दौलतराम की कृति है जिसकी एक मात्र पाण्डुलिपि उदयपुर के दि० जैन अग्रवाल मन्दिर मे उपलब्ध हुई है। महाकवि का यही मन्दिर काव्य साधना का केन्द्र था। रचना का दूसरा नाम भवजलतारिणी भी दिया हुआ है। यह कवि की सबोधनात्मक कृति है।

९ ब्रह्म बावनी (१४५७)

ब्रह्म बावनी एक आध्यात्मिक कृति है। इसके कवि निहालचन्द हैं जो संभवतः बंगाल में किसी कार्यवश गये थे और वहीं मकसूदाबाद में उन्होंने इसकी रचना की थी। वैसे कवि कानपुर के पास की छावनी में रहते थे इनकी एक और कृति नयचक्रभाषा प्रस्तुत सूची के २३३४ संख्या पर आयी है जिसमें कवि ने अपना संक्षिप्त परिचय दिया हैं। नयचक्रभाषा संवत् १८६७ की कृति है इसलिये ब्रह्म बावनी इसके पूर्व की रचना होनी चाहिये क्योंकि उन्होंने उसे धैर्य के साथ बैठ कर लिखने का उल्लेख किया है। बावनी एक लघुकृति है लेकिन आध्यात्मिक रस से ओत प्रोत है।

१० मुक्ति स्वयंबर (१५३६)

मुक्ति स्वयंबर एक रूपक काव्य है जिसमे मोक्ष रूपी लक्ष्मी को प्राप्त करने के लिये स्वयंबर रचे जाने का रूपक बांधा गया है। यह रचना काफी बड़ी है तथा ३१८ पृष्ठों मे समाप्त होती है। रूपककार वेणीचन्द कवि है जिन्होंने इसे लश्कर मे प्रारम्भ किया था और जिसकी समाप्ति इन्दौर नगर में हुई थी। वैसे कवि ने अपने को फलटन का निवासी लिखा है और मलूकचन्द का पुत्र बतलाया हैं। रूपक काव्य का रचना काल संवत् १९३४ है। इस प्रकार कवि ने हिन्दी जैन रूपक काव्यों की परम्परा में अपनी एक रचना और जोड़ कर उसके विकास में योग दिया है।

११ वसुनन्दि श्रावकाचार भाषा (१६६४)

वसुनन्दि श्रावकाचार पर प्रस्तुत भाषा वचनिका ऋषभदास कृत है जो झालरापाटन (राजस्थान) के निवासी थे। कवि हूंमड जाति के श्रावक थे। इनके पिता का नाम नाभिदास था। इस ग्रन्थ की रचना करने में आमेर के भट्टारक देवेन्द्र कीर्ति की प्रेरणा का कवि ने उल्लेख किया है। भाषा टीका विस्तृत है जो ३४७ पृष्ठों मे पूर्ण होती है। इसका रचनाकल संवत १९०७ है जिसका उल्लेख निम्न प्रकार हुआ है—

> ऋषि पूरण नव एक पुनि, माघ पूर्नि शुभ श्वेत।
> जया प्रथा प्रथम कुजवार, मम मगल होय निकेत ॥

कवि ने झालरापाटन स्थित शांतिनाथ स्वामी तथा पार्श्वनाथ एव ऋषभदेव के मन्दिरका भी उल्लेख किया है।

१२ श्रावकाचार रास (१७०२)

पदमा कवि ने श्रावकाचार रास की रचना कब की थी उसने इसका कोई उल्लेख नही किया है। इसमें पद्यात्मक रूप से श्रावक धर्म का वर्णन किया गया है। रास भाषा, शैली एवं विषय वर्णन की दृष्टि से उत्तम कृति है। इसकी एक अपूर्ण प्रति दि० जैन मन्दिर कोटा के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत हैं।

१३ सुख विलास (१७६१)

जोधराज कासलीवाल हिन्दी के प्रसिद्ध महाकवि दौलतराम कासलीवाल के सुपुत्र थे। अपने पिता के सामन ही जोधराज भी हिन्दी के अच्छे कवि थे। सुख विलास में कवि की रचनाओं का संकलन है। उनका यह

काव्य संवत् १८८४ मे समाप्त हुआ था जब कवि की अन्तिम अवस्था थी। दौलतरामजी के मरने के पश्चात् जोधराज किसी समय कामां नगर मे चले गये होगे। कवि ने कामा नगर के वर्णन के साथ ही वहां के जैन मन्दिरों का भी उल्लेख किया है। कामां उस समय राजस्थान का अच्छा व्यापारिक केन्द्र था इसलिए कितने ही विद्वान भी वहां आकर रहने लगे थे। सुख विलास की तीनो ही प्रतियां भरतपुर के पचायती मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत है।

सुख विलास गद्य पद्य दोनों मे ही निबद्ध है। कवि ने इसे जीवन को सुखी करने वाले की सज्ञा दी है।

सुख विलास इह नाम है सब जीवन सुखकार।
या प्रसाद हम हू लहें निज आतम सुखकार।।

अध्यात्म चिंतन एवं योग

१४ गुण विलास (१६८८)

विलास सज्ञक रचनाओ मे नथमल विलाला कृत गुण विलास का नाम उल्लेखनीय है। गुण विलास के अतिरिक्त इनकी 'वीर विलास' सज्ञक एक कृति और है जो एक गुटके मे (पृष्ठ संख्या ६६२) सग्रहीत है। गुण विलास मे कवि को लघु रचनाओं का सग्रह है। यह सकलन सवत् १८२२ मे समाप्त हुआ था। कवि की कुछ प्रमुख रचनाओ मे जीवन्धर चरित्र, नागकुमार चरित्र, सिद्धान्तसार दीपक आदि के नाम उल्लेखनीय है। वैसे कवि भरतपुर मे अर्थोपार्जन के लिए आकर रहने लगे थे और सघ के साथ श्रीमहावीरजी की यात्रा पर गये थे।

१४ समयसार टीका (२२८७)

भट्टारक शुभचन्द्र १६-१७ वी शताब्दी के महान् विद्वान थे। सस्कृत, प्राकृत, हिन्दी गुजराती भाषा पर उनका पूर्ण अधिकार था। अब तक शुभचन्द्र की जितनी कृतिया मिली है उनमे समयसार टीका का नाम नही लिया जाता था। इसलिए प्रस्तुत टीका की उपलब्धि प्रथम बार हुई है। टीका विस्तृत है और कवि ने इसका नाम अध्यात्मतरगिणी दिया है। कवि ने टीका के अन्त मे विस्तृत प्रशस्ति दी है जिसके अनुसार इसका रचना काल सवत् १५७३ है। इस टीका की एक मात्र प्रति शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर कामा मे सग्रहीत है। इसका प्रकाशन होना आवश्यक है।

१५ षटपाहुड भाषा (२२५६)

षट्पाहुड पर प्रस्तुत टीका प० देवीदास छाबडा कृत है। जिसे इन्होने सवत् १८०१ सावरा सुदी ११ के दिन समाप्त की थी। देवीसिह प्राकृत, सस्कृत एव हिन्दी के अच्छे विद्वान थे तथा भाषा टीकाए लिखने मे उन्हे विशेष रुचि थी। षट्पाहुड पर उनकी यह टीका हिन्दी पद्य में है। जिसमें कवि ने आचार्य कुन्दकुन्द के भावो को ज्यों का त्यो भरने का प्रयास किया है। भाषा, भावशैली की दृष्टि से यह टीका अत्यधिक महत्व पूर्ण है।

१६ ज्ञानार्णव गद्य टीका

आचार्य शुभचन्द्र के ज्ञानार्णव पर संस्कृत और हिन्दी की कितनी ही कियाएं उपलब्ध होती हैं। इनमें ज्ञानचन्द द्वारा रचित हिन्दी गद्य टीका उल्लेखनीय है। टीका का रचना काल सं० १८६० माघ सुदी २ है। टीका की भाषा पर राजस्थानी का स्पष्ट प्रभाव है। इसकी एक प्रति दि० जैन मन्दिर कोटड़ियान डूंगरपुर में संग्रहीत है।

१७ चेतावणी ग्रंथ (२००२)

यह कविवर रामचरण की कृति है जो राजस्थानी भाषा में निबद्ध है। कवि ने इसमें प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहने की चेतावनी दी है। कृति का उद्देश्य सोते हुए प्राणियों को जगाने जा रहा है। इसमें २१ पद्य हैं जिसमें कवि ने स्पष्ट शब्दों में विषय का विवेचन किया है। भाषा भाव एवं शैली की दृष्टि से रचना उत्तम है। इसकी एक मात्र प्रति दि० जैन मन्दिर कोटा के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत है।

१८ परमार्थशतक (२०६६)

परमार्थ शतक भैय्या भगवतीदास की है जो प्रथम बार उपलब्ध हुई है। रचना पूर्णतः आध्यात्मिक है जिसकी एक मात्र पाण्डुलिपि पंचायती मन्दिर भरतपुर में संग्रहीत है।

१६ समयसार वृत्ति (२३०५)

समयसार पर पं० प्रभाचन्द्र कृत संस्कृत टीका की एक मात्र पाण्डुलिपि भट्टारकीय दि० जैन मन्दिर अजमेर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध हुई है। पं० प्रभाचन्द्र ने कितने ही ग्रंथों पर संस्कृत टीकायें लिखकर अपनी विद्वत्ता का प्रदर्शन ही नहीं किया किन्तु स्वाध्याय प्रेमियों के लिये भी कठिन ग्रंथों के अर्थ को सरल बना दिया। श्री नाथूराम प्रेमी ने समयसार वृत्ति का "जैन साहित्य और इतिहास" में उल्लेख अवश्य किया है, लेकिन उन्हें भी इसकी पाण्डुलिपि उपलब्ध नहीं हो सकी थी। प्रस्तुत प्रति संवत् १६०२ मगसिर सुदी ८ की लिपिबद्ध की हुई है। वृत्ति प्रकाशन योग्य है।

२० समयसार टीका (२३०६)

भ० देवेन्द्रकीर्ति आमेर गादी भट्टारक थे। वे भट्टारक के साथ २ साहित्य प्रेमी भी थे। आमेर शास्त्र भण्डार की स्थापना एवं उनके विकास में भ० देवेन्द्रकीर्ति का प्रमुख हाथ रहा था। समयसार पर उनकी यह टीका यद्यपि अधिक बड़ी नहीं है। किन्तु मौलिक तथा सार गर्भित है। इस टीका से पता लगता है कि समयसार जैसे आध्यात्मिक ग्रंथ का भी इस युग में कितना प्रचार था। इसकी एक मात्र पाण्डुलिपि शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर अभिनन्दन स्वामी बूंदी में संग्रहीत है। इसका टीका काल संवत् १७८८ भादवा सुदी १४ है।

२१ सामायिक पाठ भाषा (२५२१)

श्यामराम कृत सामायिक पाठ भाषा की पाण्डुलिपि प्रथम बार उपलब्ध हुई है। इसका रचनाकाल सं० १७४६ है। कृति की पाण्डुलिपि दि० जैन पंचायती मन्दिर भरतपुर में संग्रहीत है। रचना अच्छी है।

पुराण साहित्य

२२ पद्मचरित टिप्पण (२८७१)

रविषेणाचार्य कृत पद्मचरित पर श्रीचन्द मुनि द्वारा लिखा हुआ यह टिप्पण है। टिप्पण संक्षिप्त है और कुछ प्रमुख एव कठिन शब्दो लिखा गया है। प्रस्तुत पाण्डुलिपि संवत् १५११ की है जो जयपुर के लश्कर के मन्दिर मे सग्रहीत है। श्रीचन्द मुनि अपभ्रंश भाषा की रचना रत्नकरण्ड के कर्त्ता थे जो १२ वीं शताब्दी के विद्वान थे।

२३ पार्श्व पुराण (३००६)

अपभ्रंश के प्रसिद्ध कवि रइधू विरचित पार्श्वपुराण की एक प्रति शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर बोरसली कोटा मे संग्रहीत है। पार्श्वपुराण अपभ्रंश की सुन्दर कृति है।

२४ पुराणसार (३०१३)

सागर सेन द्वारा रचित पुराणसार की एक मात्र पाण्डुलिपि शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर अजमेर मे संग्रहीत है। कवि ने रचनाकाल का उल्लेख नही किया है लेकिन यह सभवत. १५ वी शताब्दि की रचना मालूम पड़ती है। कृति अच्छी है। भट्टारक सकलकीति ने जो पुराणसार ग्रथ लिखा है सभवत. वह इस कृति के आधार पर ही लिखा गया था।

२५ वर्धमानपुराण भाषा (३०८२)

वर्द्धमान स्वामी के जीवन पर हिन्दी मे जो काव्य लिखे गये हैं व अभी तक प्रकाश मे नही आये है। इसी ग्रथ सूची मे वर्द्धमान पर कुछ काव्य मिले हैं और उनमे नवलराम विरचित वर्द्धमान पुराण भाषा भी एक काव्य है। यह काव्य सवत् १६९१ का है। महाकवि बनारसीदास जब समयसार नाटक लिख रहे थे तभी भगवान महावीर पर यह काव्य लिखा जा रहा था। नवलराम बुन्देलखड के निवासी थे और मुनि सकलकीर्ति के उपदेश से नवलराम एवं उनके पुत्र दोनो ने मिल कर इस काव्य की रचना की थी। काव्य विस्तृत है तथा उसकी एक प्रति दि० जैन पचायती मन्दिर कामा मे उपलब्ध होती है।

२६ वर्धमानपुराण (३०७०)

वर्धमान स्वामी के जीवन पर यह दूसरी कृति है जिसे कविवर नवल शाह ने सवत् १८२५ मे समाप्त की थी। इसमे १६ अधिकार है। पुराण मे भगवान महावीर के जीवन पर अत्यधिक सुन्दर रीति से वर्णन किया गया है। इस पुराण की प्रति बयाना एव दो प्रतियां फतेहपुर शेखावाटी के शास्त्र भण्डार मे उपलब्ध होती हैं। कवि ने पुराण के अन्त मे रचना काल निम्न प्रकार दिया है--

उज्जयत विक्रम नृपति, सवत्सर गिनि तेह।
सत अठार पच्चीस अधिक, समय विकारी एह ॥

२७ शांतिनाथ पुराण (३०६५)

यह ठाकुर कवि की रचना है जिसकी जानकारी हमें प्रथम बार प्राप्त हुई है। हिन्दी भाषा में शान्तिनाथ पर यह पुराण सर्वाधिक प्राचीन कृति है जिसका रचनाकाल संवत् १६५२ है। इस पुराण की एक मात्र पाण्डुलिपि अजमेर के भट्टारकीय शास्त्र भण्डार में संग्रहीत है।

२८ शान्तिपुराण (३०६४)

महापंडित आशाधर विरचित शान्तिपुराण संस्कृत का अच्छा काव्य है। कवि ने इसकी प्रशस्ति में अपना विस्तृत परिचय दिया है। श्री नाथूराम प्रेमी ने आशाधर की जिन रचनाओं के नाम गिनाये हैं उसमें इस पुराण का नाम नहीं लिया गया है। इसकी एक प्रति जयपुर के दि० जैन मन्दिर लश्कर में संग्रहीत है। पुराण प्रकाशन योग्य है।

काव्य एवं चरित्र

२९ जीवन्धर चरित (३३५६)

महाकवि दौलतराम कासलीवाल की पहिले जिन कृतियों एवं काव्योंका उल्लेख मिलता था उनमें जीवन्धर चरित का नाम नहीं था। उदयपुर के अग्रवाल दि० जैन मन्दिर में जब हम लोग ग्रंथो की सूची का कार्य कर रहे थे। तभी इसकी एक अलग व्यस्त प्रति पं० अनूपचंद जो न्यायतीर्थ को प्राप्त हुई। कवि का यह एक हिन्दी का अच्छा काव्य है जो पांच अध्यायों में विभक्त है। कवि ने अपने इस काव्य को नवरस पूर्ण कहा है जिसे कालाडेहरा के श्री चतुर्भुज अग्रवाल एवं पृथ्वीराज तथा सागवाड़ा के निवासी श्रीवेलजी हूंबड के अनुरोध पर उदयपुर प्रवास में संवत् १८०५ लिखकर मां भारती को भेंट की थी। उदयपुर में अग्रवाल दि० जैन मन्दिर के शास्त्र भण्डार में जो प्रति प्राप्त हुई थी, वह कवि की मूल पाडुलिपि है जिससे इसका महत्व और भी बढ गया है। काव्य प्रकाशन होने योग्य है।

३० जीवंधर चरित (३३५८)

महाकवि रइधू द्वारा विरचित जीवन्धर चरित अपभ्रंश की विशिष्ट रचना है। इस काव्य की एक प्रति दि० जैन मन्दिर फतेहपुर शेखावाटी के शास्त्र भण्डार मे संग्रहीत है। पाण्डुलिपि प्राचीन है और संवत् १६५८ में लिपि बद्ध की हुई है। यह काव्य प्रकाशन योग्य है।

३१ जीवन्धर चरित्र प्रबन्ध (३३६०)

जीवन्धर चरित्र हिन्दी भाषा का प्रबन्ध काव्य है जिसे भट्टारक यशः कीर्ति ने छन्दोबद्ध किया था यशःकीर्ति भट्टारक चन्द्रकीर्ति के प्रशिष्य एवं भट्टारक रामकीर्ति के शिष्य थे। ये हिन्दी के अच्छे विद्वान थे। प्रस्तुत काव्य हिन्दी को कोई बडा काव्य नहीं है किन्तु भाषा एवं शैली की दृष्टि से काव्य उल्लेखनीय है। इसकी एक पाण्डुलिपि उदयपुर के संभवनाथ मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत है। इसकी रचना संवत् १८७१ में हुई थी। कवि ने गुजरात देश के ईडर दुर्ग के पास भीलोडा ग्राम में इसे समाप्त किया था। उस ग्राम में चन्द्रप्रभ स्वामी का मन्दिर था और वही इस प्रबन्ध का रचना स्थल था।

संवत अठारासैं इकहोत्तरैं भादवा सुदी दशमी गुरुवार रे ।
ए प्रबंध पूरो करो प्रणमी जिन गुरु पाय रे ।
गुर्जर देश मे सोभतो ईडर गढ ने पास रे ।
मोलोडी मुग्राम है तिहा श्रावक नो सुमवासरे ।
चन्द्रप्रभ जिनधाम है ते भव्य पूजैं जिन पाय रे ।
तिहां रहिने रचना करी, यशकीर्ति सुरी राय रे ।

३२ धर्मशर्माभ्युदय टीका (३४६१)

धर्मशर्माभ्युदय सस्कृत भाषा के श्रेष्ठ महाकाव्यो मे से है । यह महाकवि हरिचन्द की रचना है और प्राचीन काल में इसके पठन पाठन का अच्छा प्रचार था । इसी महाकाव्य पर भट्टारक यशःकीर्ति की एक विस्तृत टीका अजमेर के शास्त्र भण्डार मे उपलब्ध हुई है जिसका सदेहध्वान्त दीपिका नाम दिया गया है । टीका विद्वत्तापूर्ण है तथा उसमे काव्य के कठिन शब्दों का अच्छा खुलासा किया गया है ।

३३ नागकुमार चरित (३४८०)

नथमल विलाला कृत नागकुमार चरित हिन्दी की अच्छी कृति है जिसकी पाण्डुलिपिया राजस्थान के विभिन्न शास्त्र भण्डारों मे उपलब्ध होती है । प्रस्तुत पाण्डुलिपि स्वय नथमल विलाला द्वारा लिपिबद्ध है । इसका लेखन काल सवत् १८३६ है ।

प्रथम जेठ पूनम सुदी सहस्त्र गाथा वर वार ।
ग्रंथ सुलिख पूरन कियो हीरापुरी मंझार ।
नथमल नै निजकर थकी ग्रंथ लिख्यौ धर प्रीत ।
भूल चूक यामैं लखौ तो सुध कीजो मीत ।

३४ बारा आरा महा चौपई बध (३६६०)

भट्टारक सकलकीर्ति की परम्परा मे होने वाले भट्टारक रामकीर्ति के प्रशिष्य एव पद्मनन्दि के शिष्य ब्र० रूपजी की उक्त कृति एक ऐतिहासिक कृति है जिसमे २४ तीर्थंकरो का शरीर, आयु वर्ण आदि का वर्णन है । इसमें तीन उल्लास है । यह कवि की मूल पाण्डुलिपि है जिसे उसे महिसाना नगर के आदि जिन चैत्यालय मे छन्दोबद्ध किया था । इस चौपई की एक प्रति उदयपुर के सभवनाथ मन्दिर मे उपलब्ध होती है ।

३५ भोज चरित्र (३७२१)

हिन्दी भाषा मे भोज चरित्र भवानीदास व्यास की रचना है । यह एक ऐतिहासिक कृति है जिसमें राजा भोज का जीवन निबद्ध है । कवि ने इसका निम्न प्रकार उल्लेख किया है—

गढ जोधाण सतोल धाम आई विलाडे ।
पीर पाठ कल्याण सुजस गुण गीत गवाडे ।।

भोज चरित तिन सौ कह्यो कवियण सुख पावै ।।
व्यास भवानीदास कवित कर बात सुणावे ।।
मुणी प्रबध चारण मते भोजराज बीन कह्यो ।
कल्याणदास भूपाल को धर्म ध्वजा धारी कह्यो ।

३६ यशोधर चरित्र (१८२४)

महाराजा यशोधर के जीवन पर सभी भाषाओं मे अनेक काव्य लिखे गये है। हिन्दी में भी विभिन्न कवियो ने रचना करके इस कथा के लोकप्रियता मे अभिवृद्धि की है। इन्हीं काव्यों में हिन्दी कवि देवेन्द्र कृत यशोधर चरित भी है जिसकी पाण्डुलिपियां डूंगरपुर के शास्त्र भण्डार मे उपलब्ध हुई है। काव्य काफी बडा है। इसका रचनाकाल संवत् १६८३ है। देवेन्द्र कवि विक्रम के पुत्र थे जो स्वय भी संस्कृत एव हिन्दी के अच्छे कवि थे। विक्रम एवं गगाधर दो भाई थे जो जैन ब्राह्मण थे। गुजरात के कुतलुखा के दरबार मे जैनधर्म की प्रतिष्ठा बढाने का श्रेय ब्र० शांतिदास को था और उसी के प्रभाव के कारण विक्रम के माता पिता ने जैनधर्म स्वीकार किया था। इन्ही के सुत देवेन्द्र ने महुआ नगर मे यशधोर की रचना की थी।

सवत १६ आठ त्रीसि आसो सुदी बीज शुक्रवार तो
रास रच्यो नवरस भर्यो महुआ नगर मझार तो।

कवि ने अपनी कृति को नवरस से परिपूर्ण कहा है।

३७ रत्नपाल प्रबन्ध (३८८८)

रत्नपाल प्रबन्ध हिन्दी की अच्छी कृति है जो ब्र० श्रीपती द्वारा रची गयी थी। इसका रचनाकाल स० १७३२ है। भाषा एव शैली की दृष्टि से रचना उत्तम प्रबन्ध काव्य है तथा प्रकाशन योग्य है।

३८ विक्रम चरित्र चौपई (३६३१)

भाउ कवि हिन्दी के लोकप्रिय कवि थे। उनकी रविव्रतकथा हिन्दी की अत्यधिक लोकप्रिय रचना रही है। विक्रमचरित्र चौपई उनकी नवीन रचना है। जिसकी एक पाण्डुलिपि दबलाना के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत है। रचना काल सवत् १५८८ है। इस रचना से भाउ कवि का समय भी निश्चित हो जाता है। कवि ने रचना काल का उल्लेख निम्न प्रकार किया है---

सवत् पनर अठासिइ तिथि बलि तेरह हुति
मर्गसिर मास जाण्यो रविवार जते हुति।
चडी तणइ पसाउ सचढउ प्रबन्ध प्रमाण।
उवझाय भावै भणइ बातज भावा ठाण।।

३६ शांतिनाथ चरित्र भाषा (३६६५)

सेवाराम पाटनी हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे। शांतिनाथ चरित्र उनके द्वारा लिखा हुआ विशिष्ट काव्य है। कवि महापंडित टोडरमल के समकालीन विद्वान् थे। उनको उन्होंने पूर्ण आदर के साथ उल्लेख किया

है। इन्हीं के उपदेश से सेवाराम काव्य रचना की ओर प्रवृत्त हुए थे। शांतिनाथ चरित्र हिन्दी का अच्छा काव्य है जो २३० पत्रों में समाप्त होता है। सेवाराम ढूंढाहड देश में स्थित देव्याढ (देवली) नगर के रहने वाले थे। कवि ने काव्य के अन्त में निम्न प्रकार उल्लेख किया है—

देश ढूंढाहड आदि दे संबोधे बहुदेश।
रची रची ग्रन्थ कठिन टोडरमल महेश।
ता उपदेश लवास लही सेवाराम सयान।
रच्यो ग्रंथ रुचिमान के हर्ष हर्ष अधिकान ।।२३।।
सवत् अष्टादश शतक पुनि चौतीस महान।
सावन कृष्णा अष्टमी पूरन कियो पुरान।
अति अपार सुखसो बसे नगर देव्याढ सार।
श्रावक बसे महाधनी दान पुण्य मतिधार ।।२४।।

४० श्रीपाल चरित्र (४०५०)

श्रीपाल चरित्र ब्रह्म चन्द्रसागर की कृति है जो भट्टारक सुरेन्द्रकीर्ति के प्रशिष्य एवं सकलकीर्ति के शिष्य थे। जो काष्ठासंघ के रामसेन के परम्परा के भट्टारक थे। कवि ने सुरेन्द्रकीर्ति एव सकलकीर्ति दोनों की प्रशंसा की है तथा अपनी लघुता प्रकट की है। काव्य की रचना सोजत नगर में सवत् १८२३ में समाप्त हुई थी।

सोजन्या नगर सोहामणु दीसे ते मनोहार।
सासन देवी ने देहरे परतापुरे अपार।
सकलकीर्ति तिहा राजता छाजता गुण भंडार।
ब्रह्म चन्द्रसागर रचना रची तिहा वेसी मानाहार ।।३०।।

चरित्र की भाषा एवं शैली दोनों ही उत्तम है तथा वह विविध छन्दों में निबद्ध की गयी है। इसकी एक प्रति फतेहपुर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध होती है।

४१ श्रेणिक चरित्र (४१०३)

श्रेणिक चरित्र महाकवि दौलतराम कासलीवाल की कृति है। अब तक जिन काव्यों का विद्वत जगत को पता नहीं था उनमें कवि की यह कृति भी सम्मिलित है। लेकिन ऐसा मालूम पड़ता है कि कवि के पद्मपुराण, हरिवंशपुराण, आदिपुराण, पुण्याश्रव कथाकोश एवं अध्यात्मबारहखड़ी जैसी बृहद कृतियों के सामने इस कृति का अधिक प्रचार नहीं हो सका इसलिए इसकी पाण्डुलिपियां भी राजस्थान के बहुत कम भण्डारों में मिलती है।

श्रेणिक चरित्र कवि का लघु काव्य है जिसका रचनाकाल सवत् १७८२ चैत्र सुदी पंचमी है।

सवत सतरैसै बीआसी, औ चैत्र सुकल तिथि जान।
पचमी दीने पूरण करी, बार चंद्र पचान ।।

कृति ५०० पद्यों में समाप्त होती है जिसमें दोहा, चौपई, छन्द प्रमुख है। रचना की भाषा अधिक परिष्कृत नहीं है। इसकी एक प्रति दि० जैन पचायती मन्दिर भरतपुर में संग्रहीत है।

४२ सुदर्शन चरित्र भाषा (४१८८)

सुदर्शन के जीवन पर महाकवि नयनन्दि ने अपभ्र श भाषा मे सवत् ११०० में महाकाव्य लिखा था। उसी को देख कर जैनन्द ने संवत् १६३३ में आगरा नगर मे प्रस्तुत काव्य को पूर्ण किया था। जैनन्द ने भट्टारक यशःकीर्ति क्षेमकीर्ति तथा त्रिभुवनकीर्ति का उल्लेख किया है। इसी तरह बादशाह अकबर एवं जहांगीर के शासन का भी वर्णन किया है। काव्य यद्यपि अधिक बडा नहीं है किन्तु भाषा एवं वर्णन की दृष्टि से काव्य अच्छा है। काव्य की छन्द संख्या २०६ है। काव्य के प्रमुख छन्द दोहा, चौपई एवं सोरठा है। कवि ने निम्न छन्द लिख कर अपनी लघुता प्रकट की है।

> छद भेद पद भेद हो, तो कछु अर्थ नाहि।
> ताको कियो न खेद, कथा भई निज भक्ति बस ॥

४३ श्रेणिक प्रबन्ध (४१०५)

कल्याणकीर्ति की एक रचना चारुदत्त चरित्र का परिचय हम ग्रंथ सूची के चतुर्थ भाग मे दे चुके हैं। यह कवि की दूसरी रचना है जिसकी उपलब्धि राजस्थान के फतेहपुर एव बूंदी के भण्डारों में हुई हैं। कवि भट्टारक सकलकीर्ति की परम्परा में होने वाले भट्टारक देवकीर्ति के शिष्य थे। कवि ने इस प्रबन्ध को बागड प्रदेश के कोटनगर के श्रावक विमल के आग्रह से आदिनाथ मन्दिर में समाप्त की थी। रचना गीतात्मक है तथा प्रकाशन योग्य है।

कथा साहित्य

४४ अनिरुद्ध हरण-उषा हरण (४२२३)

यह रत्नभूषण की कृति है जो भट्टारक ज्ञानभूषण के शिष्य एव भ० सुमतिकीर्ति के परम प्रशंसक थे। अनिरुद्ध हरण की रचना भ० ज्ञानभूषण के उपदेश से ही हो सकी थी ऐसा कवि ने उल्लेख किया है। कवि ने कृति का रचनाकाल नहीं दिया है लेकिन भट्टारक ज्ञानभूषण के समय को देखते हुए यह कृति संवत् १५६० से पूर्व की होनी चाहिए। अनिरुद्ध हरण की भाषा पर मराठी भाषा का प्रभाव है कवि ने रचना को "रचना इ बहुरस कहु" बहुरस भरी कहा है। अनिरुद्ध प्रद्युम्न के पुत्र थे। कवि ने काव्य का नाम उषा हरण न देकर अनिरुद्धहरण दिया है।

४५ अनिरुद्ध हरण (४२२४)

अनिरुद्ध के जीवन पर यह दूसरा हिन्दी काव्य है जो ब्रह्म जयसागर की कृति है। ब्रह्म जयसागर भट्टारक महीचन्द्र के शिष्य थे। ये सिहपुरा जाति के श्रावक थे तथा हांसोर नगर में इन्होंने इस काव्य को सवत् १७३२ में समाप्त किया था। इसमें चार अधिकार हैं। इस रचना की भाषा राजस्थानी है तथा उस पर गुजराती का प्रभाव है। रत्नभूषण सूरि के अनिरुद्ध हरण से यह रचना बड़ी है।

अनिरूद्ध हरणज में करयु दुःख हरण ए सार ।
सांभलां सुख ऊपजे कहे जयसागर ब्रह्मचार जी ॥

४६ अभयकुमार प्रबन्ध (४२२६)

उक्त प्रबन्ध पदमराज कृत हिन्दी काव्य है जिसमे अभयकुमार के जीवन पर प्रकाश डाला गया है। पदमराज खरतर गच्छ के आचार्य जिनहंस के प्रशिष्य एवं पुण्य सागर के शिष्य थे। जैसलमेर नगर मे ही इसकी रचना समाप्त हुई थी। प्रबन्ध का रचनाकाल सवत १६५० है। रचना राजस्थानी भाषा की है।

४७ आदित्यवार कथा (४२५१)

प्रस्तुत कथा पं० गंगादास की रचना है जो कारंजा के भट्टारक धर्मचन्द्र के शिष्य थे। आदित्यवार कथा एक लोकप्रिय कृति है जिसे उन्होने संवत १७५० मे समाप्त किया था। कथा की दो सचित्र प्रतियां उपलब्ध हुई हैं जिनमे एक भट्टारकीय दि०जैन मन्दिर अजमेर मे तथा दूसरी डूंगरपुर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध हुई है। दोनों ही सचित्र प्रतियां अत्यधिक कलात्मक है। डूंगरपुर वाली प्रति मे स्वय पं० गंगादास एवं भ० धर्मचन्द्र के चित्र भी हैं। कथा की रचना शैली एव वर्णन शैली दोनो ही अच्छी है।

४८ कथा संग्रह (४३०८)

भट्टारक विजयकीर्ति अजमेर गादी के प्रसिद्ध भट्टारक थे। वे सन्त के साथ साथ विद्वान् एवं कवि भी थे इनकी दो रचनायें कर्णामृत पुराण एव श्रेणिक चरित्र पहिले ही उपलब्ध हो चुकी हैं। कथा संग्रह इनकी तीसरी रचना है। इसका रचनाकाल सवत १८२७ है। इस कथा संग्रह मे कनक कुमार, धन्य कुमार, तथा शालिभद्र की कथाएं चौपई छन्द मे निबद्ध हैं। रचना की एक पाण्डुलिपि भट्टारकीय दि० जैन मन्दिर अजमेर मे संग्रहीत है।

४९ चन्द्रप्रभ स्वामीनो विवाह (४३२६)

प्रस्तुत कृति भ० नरेन्द्रकीर्ति की है जिसे उन्होने सवत १६०२ मे छन्दोबद्ध किया था। कवि ने इस काव्य को गुजरात प्रदेश के महसाना नगर मे समाप्त किया था। वे भट्टारक सुमतिकीर्ति के गुरू भ्राता भट्टारक सकलभूषण के शिष्य थे। विवाहलो भाषा एवं वर्णन शैली की दृष्टि से सामान्य है इसकी एक पाण्डुलिपि कोटा के बोरसली के मन्दिर मे उपलब्ध हुई है।

५० सम्यक्त्व कौमुदी (४८२८)

जगतराय की सम्यक्त्व कौमुदी कथा हिन्दी कथा कृतियों में अच्छी कृति है। इसमें विभिन्न कथाओं का संग्रह है। कवि आगरे के निवासी थे। कवि की पद्मनन्दि पच्चिशतिका, आगमविलास आदि पहिले ही उपलब्ध हो चुकी हैं। रचना सामान्यतः अच्छी है।

५१ होली कथा (४६००)

यह मुनि शुभचन्द्र की कृति है। जो आमेर गादी के भट्टारक जगतकीर्ति के शिष्य थे। मुनि श्री हडोती प्रदेश के कुजडपुर मे रहते थे। वहां चन्द्रप्रभ स्वामी का चैत्यालय था और उसी में इस रचना को छन्दो-बद्ध किया गया था। रचना भाषा की दृष्टि से अच्छी कथा कृति है। इसकी रचना धर्मपरीक्षा में वर्णित कथा के अनुसार की गयी है।

मुनि शुभचन्द करी या कथा, धर्म परीक्षा में ली जथा।
होली कथा सुने जे कोई, मुक्ति तणा सुख पावे सोय।
सवत सतरासै परि जोर, वर्ष पचावन अधिक और ॥ १२६ ॥

५२ वचन कोश (५२३२)

बुलाकीदास कृत वचनकोश हिन्दी भाषा की अच्छी कृति है। कवि की पाण्डवपुराण एव प्रश्नोत्तरोपासकाचार हिन्दी जगत की उत्तम कृतियां है जिन पर ग्रन्थ सूची के पूर्व भागों मे प्रकाश डाला जा चुका है। वचनकोश के माध्यम मे जैन सिद्धान्त को कोश के रूप मे प्रस्तुत करके कवि ने हिन्दी जगत की महान् सेवा की है। इस कृति का रचनाकाल संवत १७३७ है। यह कवि की प्रारम्भिक कृति है। रचना प्रकाशन योग्य है।

आयुर्वेद

५३ अजीर्ण मंजरी (५५६२)

न्यामतखा फतेहपुर (शेखावाटी) के शासक क्यामखा के शासन काल के हिन्दी कवि थे। उन्होंने आयुर्वेद की इस कृति को वैद्यक शास्त्र के अन्य ग्रन्थों के अध्ययन के पश्चात लिखी थी। इससे ज्ञात होता है कि न्यामतखां संस्कृत एवं हिन्दी दोनों ही भाषाओं के विद्वान थे। इसकी रचना सवत १७०४ है। कवि ने लिखा है कि उसने यह रचना दूसरों के उपकारार्थ लिखी है।

वैद्यक शास्त्र को देखि करी, नित यह कियो बखान।
पर उपकार के कारणै, सो यह ग्रन्थ सुखदान ॥ १०२ ॥

५४ स्वरोदय (५७६४)

आयुर्वेद विषय पर यह मोहनदास कायस्थ की रचना है। यद्यपि इस विषय की यह लघु रचना है। नाडी परीक्षा पर भी स्वर के साथ इसमे विशेष वर्णन है। सवत १६८७ में इस रचना को कन्नोज प्रदेश में स्थित नैमखार के समीप के ग्राम कुरस्थ में समाप्त किया गया था।

रास, फागु वेलि

५५ ब्रह्म जिनदास की रास संज्ञक रचनायें

ब्रह्म जिनदास सस्कृत एवं हिन्दी दोनों के ही महाकवि थे। दोनों ही भाषाओं पर इनका समान अधिकार था। इसलिये जहां इन्होने सस्कृत में बड़े बड़े पुराण एवं चरित्र ग्रन्थ लिखे वहां हिन्दी में रास संज्ञक

रचनायें लिख कर १५ वीं शताब्दी में हिन्दी के पठन पाठन में अपना अपूर्व योग दिया । प्रस्तुत ग्रन्थ सूची में ही इनकी ६५ रचनाओं का परिचय दिया गया है । इनमे सस्कृत की ५, प्राकृत की एक तथा शेष ५६ रचनायें हिन्दी भाषा की हैं । प्रस्तुत ग्रन्थ सूची में सबसे अधिक कृतियां इन्ही की है इसलिये ब्रह्म जिनदास साहित्यिक सेवा की दृष्टि से सर्वोपरि है । कवि की जिन रास सज्ञक रचनाओं की उपलब्धि हुई है इनके नाम निम्न प्रकार है—

१. अजितनाथ रास	(६१३३)	२. आदिपुराण रास	(६१३५)
३. कर्मविपाकरास	(६१४६)	४. जम्बूस्वामी रास	(६१५३)
५. जीवधर रास	(६१५७)	६ दानफल रास	(६१६१)
७. नवकार रास	(६१७१)	८. धर्मपरीक्षा रास	(६१६५)
९. नागकुमार रास	(६१७२)	१०. नेमीश्वर रास	(६१७९)
११. परमहंस रास	(६१८०)	१२. भद्रबाहु रास	(६१९१)
१३. यशोधर रास	(६१९७)	१४. रामचन्द्र रास	(६२०२)
१५. राम रास	(६२०३)	१६. रोहिणी रास	(६२०६)
१७. श्रावकाचार रास	(६२१४)	१८. श्रीपाल रास	(६२१५)
१९. श्रुतकेवलि रास	(६२२३)	२०. श्रेणिक रास	(६२२५)
२१. सोलहकारण रास	(६२३९)	२२. हनुमत रास	(६२४३)
२३. अनतव्रत रास	(१०२३९)	२४ अठाईसमूलगुण रास	(१०१२०)
२५. करकंडुनो रास	(६१४७)	२६. चारुदत्त प्रबध रास	(१०२२९)
२७. धन्यकुमार रास	(६१६३)	२८. नागश्रीरास	(१०२३९)
२९. पानीगालण रास	(१०१२०)	३०. बकचूल रास	(६१९०)
३१. भविष्यदत्त रास	(६१९३)	३२. सम्यक्त्व रास	
३३. सुदर्शन रास	(१०२३१)	३४ होलीरास	(१०२१९)

१५ वीं शताब्दी मे होने वाले एक ही कवि के इतनी अधिक रास सज्ञक कृतियो का उपलब्धि हिन्दी साहित्य के इतिहास मे सचमुच एक महत्वपूर्ण कहानी है । कवि का रामसीतारास ही महाकवि तुलसीदास की रामायण से बडी रामायण है । वैसे कवि की कुछ कृतियो को छोड कर सभी रचनायें महत्वपूर्ण तथा भाषा एव शैली की दृष्टि से उल्लेखनीय है । कवि का राजस्थान का बागड प्रदेश एव गुजरात मुख्य कार्य स्थान रहा था । इसलिये इनकी रचनाओं पर गुजराती भाषा एव शैली का भी अधिक प्रभाव है ।

ब्रह्म जिनदास की रचनाओ का अभी मूल्यांकन नही हो पाया है । यद्यपि कवि पर राजस्थान विश्व विद्यालय मे शोध कार्य चल रहा है लेकिन अभी तक अनेक साहित्यिक दृष्टिया हैं जिनके आधार पर कवि का मूल्यांकन किया जा सकता है । एक ही नही बीसो शोध निबन्ध लिखे जा सकते है ।

कवि भट्टारक सकलकीर्ति के भाई ही नही किन्तु उनके प्रमुख शिष्य भी थे । इन्होंने अपनी कृतियों मे पहिले सकलकीर्ति की और उनकी मृत्यु के पश्चात भ० भुवनकीर्ति का स्मरण किया है जो उनके पश्चात भट्टारक गादी पर बैठे थे । ब्र० जिनदास रास सज्ञक रचनाओ के अतिरिक्त और भी रचनायें लिखी है । जिनके आधार पर यह कहा जा सकता है कि कवि सर्वतोमुखी प्रतिभा वाले विद्वान थे ।

५६ चतुर्गति रास (६१४६)

वरिचन्द हिन्दी के अच्छे कवि थे। इनकी अब तक कितनी ही रचनाओं का परिचय मिल चुका है। इन रचनाओं में चतुर्गति रास इनकी एक लघु रचना है। जिसकी एक पाण्डुलिपि कोटा के बोरसली के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत है। रचना प्रकाशन योग्य है।

५७ वर्धमान रास (६२०७)

भगवान महवीर पर यह प्राचीनतम रास संज्ञक काव्य है जिसका रचना काल संवत १६६५ है तथा जिसके निर्माता हैं वर्द्धमान कवि। रास यद्यपि अधिक बडा नही है फिर भी महावीर पर लिखी जाने वाली यह उल्लेखनीय रचना है। काव्य की दृष्टी से भी यह अच्छी रचना है। वर्धमान कवि ब्रह्मचारी थे और भट्टारक वादिभूषण के शिष्य थे।

> संवत सोल पासठि मार्गसिर सुदि पंचमी सार ।
> ब्रह्म वर्धमानि रास रच्यो तो सामलो तम्हे नरनारि ॥

५८ सीताशील पताका गुणवेलि (६२३२)

वेलि संज्ञक रचनाओं मे आचार्य जयकीर्ति की इस रचना का उल्लेखनीय स्थान है। इसमें महासती सीता के उत्कृष्ट चरित्र का यशोगान गाया गया है। आचार्य जयकीर्ति हिन्दी के अच्छे कवि थे। प्रस्तुत ग्रन्थ सूची मे ही उनकी ६ रचनाओ का परिचय दिया गया है। इनमे अकलंकयतिरास, अमरदत्त मित्रानन्द रासो, रविव्रत कथा, वसुदेव प्रबन्ध, शालसुन्दरी प्रबन्ध उक्त वेलि के अतिरिक्त हैं। कवि ने काव्य के विविध रूपों मे रचनायें लिखी थी तथा अपनी कृतियों को विविध रूपो मे लिख कर पाठकों की इस ओर रूचि जाग्रत किया करते थे।

आ० जयकीर्ति ने भट्टारकीय युग मे भट्टारक सकलकीर्ति की परम्परा मे होने वाले भ० रामकीर्ति के शिष्य ब्रह्म हरखा के आग्रह से यह वलि लिखी थी। इस का रचना काल संवत १६७४ ज्येष्ठ सुदी १३ बुधवार है। यह गुजरात प्रदेश के कोटनगर के आदिनाथ चैत्यालय में लिखी गयी थी। प्रस्तुत प्रति की एक और विशेषता है कि वह स्वय ग्रन्थकार के हाथ से लिखी हुई है जैसा कि निम्न प्रशस्ति में स्पष्ट है—

संवत १६७४ आषाढ सुदी ७ गुरो श्री कोटनगरे स्वज्ञानावरणी कर्मक्षयार्थ आ० श्री जयकीर्तिना स्वहस्ताभ्यां लिखितेय।

५९ जम्बूस्वामीरास (५१५४)

प्रस्तुत रास नयविमल की रचना है। इसमें अन्तिम केवली जम्बूस्वामी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। यह रास भाषा एवं शैली की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। रास में रचनाकाल नहीं दिया है लेकिन यह १८ वीं शताब्दी का मालूम देता है। इसकी एक प्रति शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर बोरसली कोटा में संग्रहीत है।

६० ध्यानामृतरास (६१७०)

यह एक आध्यात्मिक रास है जिसमे ध्यान के उपयोग एव उसकी विशेषताओ के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया है। रास के निर्माता हैं ब्र० करमसी। जो भट्टारक शुभचन्द्र के प्रशिष्य एव मुनि विनयचन्द्र के शिष्य थे। रास की भाषा एव शैली सामान्य है। कवि ने अपना परिचय निम्न प्रकार दिया है—

> जिन सासण चिरजयो विबुद् पद्य पयासण सूर।
> चउविह सघ सदा ज्यो विघन जायो तुम्ह दूर ॥
> श्री शुभचन्द्र सूरि नमी समगी विनयचन्द्र मुनिराय।
> निज वुद्धि अनुसरि रास कियो ब्रह्म करमसी हरसाय ॥

६१ रामरास (६२०४)

रामरास कविवर माधवदास की कृति है। यह कृति बाल्मीकि रामायण पर आधारित है। रचना सवत नही दिया हुआ है लेकिन रास १७ वी शताब्दी का मालूम पडता है। सवत् १७६८ की लिखी हुयी एक पाण्डुलिपि दि० जैन खण्डेलवाल मन्दिर उदयपुर मे सग्रहीत है।

६२ श्रेणिकप्रबधरास (६२२४)

यह ब्रह्म सघजी की रचना है जिसे उन्होने सवत् १६७५ मे समाप्त की थी। कवि ने अपनी कृति को प्रबध एव रास दोनों लिखा है। यह एक प्रबध काव्य है और भाषा एव शैली की दृष्टि से काव्य उल्लेखनीय है। भगवान महावीर के प्रमुख उपासक महाराजा श्रेणिक का जीवन का विस्तृत वर्णन किया गया है। रचना प्रकाशन योग्य है।

६३ सुकौशलरास (६२३५)

वेणीदास भट्टारक विश्वसेन के शिष्य थे। सुकौशलरास उन्ही की रचना है जिसे उन्होने १७ वीं शताब्दी मे निबद्ध किया था। यद्यपि यह एक लघु रास है लेकिन काव्यत्व की दृष्टि से यह एक अच्छी कृति है। रास की पाण्डुलिपि अहमदाबाद के शान्तिनाथ चैत्यालय मे संवत् १७१४ की माघ सुदी पचमी को की गयी थी जो आजकल डूंगरपुर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत है।

६४ बृहद्तपागच्छ गुरावली (६२६८, ६२६६)

श्वेताम्बरीय तपागच्छ मे होने वाले साधुओ की विस्तृत पट्टावली की एक प्रति दि० जैन अग्रवाल पचायती मन्दिर अलवर और एक प्रति पचायती मन्दिर भरतपुर के शास्त्र भण्डार मे सग्रहीत है। दोनों ही पाण्डुलिपिया प्राचीन है लेकिन भरतपुर वाली प्रति अधिक बडी है और ४४ पत्रो मे पूर्ण होती है। अलवर वाली प्रति मे मुनि सुन्दरसूरि तक के गुरुओ की पट्टावली दी हुई है। जबकि भरतपुर वाली प्रति स्वयं मुनि सुन्दर सूरि की लिखी हुई है और उसका लेखन काल सवत् १४६० फागुण सुदी १० है।

६५ भट्टारक सकलकीर्तिनुरास (६३१०)

भट्टारक सकलकीर्ति १५ वीं शताब्दी के जबरदस्त विद्वान संत थे। जैन वाङ्मय के निष्णात ज्ञाता थे। उनकी वाणी में सरस्वती का वास था एवं वे तेजोमय व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने बागड देश में भट्टारक संस्था की इतनी गहरी नींव लगायी कि वह आगामी ३०० वर्षों तक उसने समस्त समाज पर एक छत्र राज्य किया। भट्टारक सकलकीर्ति स्वयं ऊंचे विद्वान एवं अनेक शास्त्रों के रचयिता थे। इसके प्रशिष्य भी बड़े भारी साहित्य सेवी होते रहे। प्रस्तुत रास में भट्टारक सकलकीर्ति एवं उनके शिष्य भ० भुवनकीर्ति का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। रास ऐतिहासिक है और यह उनके जीवन की कितनी घटनाओं का उद्घाटित करता है। रास के प्रारम्भ मे आचार्यों की परम्परा दी है। और फिर भ० सकलकीर्ति के जन्म, माता, पिता, अध्ययन, विवाह, सयम ग्रहण, भट्टारक पद ग्रहण, ग्रंथ रचना आदि के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया गया है। इसके पश्चात् २४ पद्यों में भ० भुवनकीर्ति के गुणों का वर्णन किया गया है। भ० भुवनकीर्ति की सर्व प्रथम सवत् १४८२ मे डूंगरपुर में दीक्षा हुई थी। रास पूर्णतः ऐतिहासिक है।

ब्र० सामल की यह रचना अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिसकी एक पाण्डुलिपि उदयपुर के संभवनाथ मन्दिर मे सग्रहीत है।

विलास एवं संग्रह कृतियां

६६ बाहुबलि छन्द (६४७६)

यह लघु रचना भ० प्रभाचन्द्र के शिष्य वादिचन्द्र की कृति है। इसमें केवल ६० पद्य हैं जिसमें भरत सम्राट के छोटे भाई बाहुबलि की प्रमुख जीवन घटनाओं का वर्णन है। रचना अच्छी है। तथा एक संग्रह ग्रंथ मे सग्रहीत है।

६७ चतुर्गति नाटक (६५०४)

डालूराम हिन्दी के प्रसिद्ध कवि थे। ग्रंथ सूची के उसी भाग में उनकी ६ और रचनाओं का विवरण दिया गया है। चतुर्गति नाटक में चार गति देव, मनुष्य, तिर्यञ्च और नरकगति मे सहे जाने वाले दुःखों का वर्णन किया गया है। यह जीव स्वय जगत् रूपी नाटक का नायक है जो विभिन्न योनियों को धारण करता हुआ ससार परिभ्रमण करता रहता है। रचना अच्छी है तथा पठनीय है।

६८ संबोध सत्तारगुनु दूहा (६७७६)

यह वीरचन्द की रचना है जो सबोधमात्मक है। वीरचन्द का परिचय पहिले दिया जा चुका है। भाषा एवं शैली की दृष्टि मे रचना सामान्य है।

स्तोत्र

६९ अकलंकदेव स्तोत्र भाषा (६७९४)

अकलंक स्तोत्र संस्कृत का प्रसिद्ध स्तोत्र है और यह उसी स्तोत्र की परमतखंडिनी नाम की भाषा टीका है। इस टीका के टीकाकार चंपालाल बागडिया है जो झालरापाटण (राजस्थान) के निवासी थे। टीका विस्तृत

हैं तथा बहु पद्यमय है। टीकाकाल संवत् १९१३ श्रावण सुदी ३ है। टीका की एक प्रति बूंदी के पार्श्वनाथ मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संग्रहीत है।

७० आदिनाथ स्तवन (६८०७)

यह स्तवन तपागच्छीय साधु सोमसुन्दर सूरि के शिष्य मेहउ द्वारा निर्मित है। इसका रचनाकाल संवत् १४९९ है भाषा हिन्दी एव पद्य सख्या ४८ है। इसमें राणकपुर के मन्दिर का सुन्दर वर्णन किया गया है रचना ऐतिहासिक है। स्तवन का अन्तिम पद्य निम्न प्रकार है—

> भगति करूं सामी तणी ए लहइ दरसण दाण।
> चिहु दिसि कीरति विस्तरी, ए घन घरणा प्रधान।
> संवत चउदनवाणवइ ए धुरि काती मासे।
> मेहउ कहइ मइ स्तवन कीउ मनि रंगि लासे।। ४८ ।।
> इति श्री राणपुर मंडण श्री आदिनाथ स्तवन सपूर्ण ।।

७१ भक्तामर स्तोत्र भाषा टीका (७१७३)

भक्तामर स्तोत्र की हेमराज कृत भाषा टीका उल्लेखनीय कृति है। दि० जैन मन्दिर कामा के शास्त्र भण्डार मे २९ पृष्ठों वाली एक पाण्डुलिपि है जो स्वय हेमराज की प्रति थी ऐसा उस पर उल्लेख मिलता है। यह प्रति सवत् १७२७ की है। स्वय ग्रथकार की पाण्डुलिपियो मे इसका उल्लेखनीय स्थान है।

७२ भक्तामर स्तोत्र वृत्ति (७१८५)

भक्तामर स्तोत्र पर भ० रत्नचन्द्र की यह सस्कृत टीका है। टीका विस्तृत है तथा सरल एव सुबोध है। अजमेर की एक प्रति के अनुसार इसकी टीका सिद्ध नदी के तट पर स्थित ग्रीवापुर नगर के पार्श्वनाथ चैत्यालय मे की गई थी। टीका करने मे श्रावक कर्मसी ने विशेष आग्रह किया था।

७३ वर्धमान विलास स्तोत्र (७२८७)

प्रस्तुत स्तोत्र भट्टारक जगभूषण के प्रमुख शिष्य भ० जगद्भूषण द्वारा विरचित है। इसमे ४०१ पद्य है स्तोत्र विस्तृत है तथा उसमे भगवान महावीर के जीवन पर भी प्रकाश डाला गया है। पाण्डुलिपि अपूर्ण है तथा प्रारम्भ के ३ पत्र नही है फिर भी स्तोत्र प्रकाशन होने योग्य है।

७४ समवशरण पाठ (७३५४)

सस्कृत भाषा में निबद्ध उक्त समवशरण पाठ रेखराज की कृति है। रेखराज कवि ने इसे कब समाप्त किया था इसके बारे में कोई उल्लेख नही मिलता है। रचना सामान्यतः अच्छी है।

इसी तरह समवशरण मगल महाकवि मायाराम का (७३५५) तथा समवशरण स्तोत्र (विष्णुसेन) भी इस विषय की उल्लेखनीय कृतियां है।

पूजा एवं विधान साहित्य

उक्त विषय के अन्तर्गत उन रचनाओं को दिया गया है जो या तो पूजा साहित्य में सम्बन्धित हैं अथवा प्रतिष्ठा विधान आदि पर लिखी गयी है। प्रस्तुत विषय की १६७५ पाण्डुलिपियों का परिचय इस भाग में दिया गया है ग्रंथ सूची के भाग में सबसे अधिक कृतियां इन्हीं विषयों की है। ये पूजाएं मुख्यतः संस्कृत एवं हिन्दी भाषा की है। पूजा साहित्य का मध्यकाल में कितना अधिक प्रचार था यह इन पाण्डुलिपियों की संख्या से जाना जा सकता है। इस विषय की कुछ अज्ञात एवं उल्लेखनीय रचनायें निम्न प्रकार है—

१	अकृत्रिम चैत्यालय पूजा	मल्लिसागर	(७४६४)	संस्कृत
२	अनन्तचतुर्दशी पूजा	शान्तिदास	(७४६१)	,,
३	अनन्तनाथ पूजा मंडल विधान	गुणचन्द्राचार्य	(७५०८)	,,
४	अनन्तव्रत कथा पूजा	ललितकीर्ति	(७५१६)	,,
५	अनन्तव्रत पूजा	पाण्डे धर्मदास	(७५१७)	,,
६	अनन्तव्रत पूजा उद्यापन	सकलकीर्ति	(७५३१)	,,
७	अष्टाह्निका व्रतोद्यापन पूजा	पं० नेमिचन्द	(७५५६)	,,
८	आदित्यवार व्रतोद्यापन पूजा	जयसागर	(७५७१)	,,
९	कल्याण मन्दिर पूजा	देवेन्द्रकीर्ति	(७६४७)	,,
१०	चतुर्दशी व्रतोद्यापन पूजा	विद्यानन्दि	(७६८१)	,,
११	चौबीस तीर्थकर पूजा	देवीदास	(७७२७)	हिन्दी
१२	चतुर्विंशति तीर्थंकर पंचकल्याणक पूजा	जयकीर्ति	(७८४४)	संस्कृत
१३	जम्बूद्वीप पूजा	पं० जिनदास	(७८६८)	,,
१४	तीस चौबीस पूजा	पं० साधारण	(७९२५)	,,
१५	त्रिकाल चतुर्विंशति पूजा	त्रिभुवनचन्द्र	(७९४६)	,,
१६	त्रिलोकसार पूजा	नेमीचन्द	(७९६२)	हिन्दी
१७	,,	सुमतिसागर	(७९७२)	संस्कृत
१८	दशलक्षणव्रतोद्यापन पूजा	भ० ज्ञानभूषण	(८०६५)	संस्कृत
१९	नन्दीश्वर द्वीप पूजा	पं० जिनेश्वरदास	(८२२६)	,,
२०	नन्दीश्वर द्वीप पूजा	विरधीचन्द	(८२३१)	हिन्दी
२१	पंच कल्याणक पूजा उद्यापन	गुजरमल ठग	(८२३६)	,,
२२	पंच कल्याणक पूजा	प्रभाचन्द	(८२४१)	संस्कृत
२३	पंच कल्याणक	वादिभूषण	(८२४४)	,,
२४	पंच कल्याणक विधान	हरी किशन	(८२८०)	हिन्दी
२५	पद्मावती पूजा	टोपण	(८३८८)	संस्कृत
२६	पूजाष्टक	ज्ञानभूषण	(८४५२)	,,
२७	प्रतिष्ठा पाठ टीका	परशुराम	(८६२३)	,,
२८	लघु पंच कल्याणक पूजा	हरिमान	(८७६०)	हिन्दी

२९	व्रत विधान पूजा	अमरचन्द	(८८०८)	हिन्दी
३०	षोडशकारण व्रतोद्यापन पूजा	सुमतिसागर	(८८९३)	संस्कृत
३१	सम्मेदशिखर पूजा	ज्ञानचन्द	(८९८१)	हिन्दी
३२	सम्मेदशिखर पूजा	रामपाल	(८९९८)	,,

गुटकासंग्रह

७६ सीता सतु (९१९६)

यह कविवर भगौतीदास की रचना है जो देहली के अपभ्रंश एवं हिन्दी के प्रसिद्ध कवि थे। अजमेर के भट्टारकीय शास्त्र भण्डार में एक बड़ा गुटका है जिसमें सभी रचनायें भगौतीदास विरचित हैं। सीतासतु भी उन्हीं में से एक रचना है जो दूसरे गुटके में भी सग्रहीत है। यह सवत् १६८४ की रचना है कवि ने जो अपना परिचय दिया है वह निम्न प्रकार है—

> गुरु मुनि महिंदसैण भगौती, रिसि पद पकज रेणु भगौती।
> कृष्णदास वनि तनुज भगौती, तुरिय गह्यो व्रतु मनुज भगौती।
> नगरि बूड़िये वासि भगौती, जन्म भूमि चिरु आसि भगौती।
> अग्रवाल कुल वस लगि, पडित पद निरखि भंमि भगौती।

सीतासतु की कुल पद्य संख्या ७७ है।

७७ मुगी संवाद (९१९६)

यह कवि देवराज की कृति है जिसे उन्होंने सवत् १६६३ में लिखी थी। सवाद रूप में यह एक सुन्दर काव्य है जिसकी पद्य सख्या २५० है। कवि देवराज पासचन्द सूरि के शिष्य थे।

७८ रत्नचूडरास (९३००)

रत्नचूडरास सवत् १५०१ की रचना है। इसकी पद्य सख्या १३२ है। इसकी भाषा राजस्थानी है तथा काव्यत्व की दृष्टि से यह एक अच्छी रचना है। कवि वडतपगच्छ के साधु रत्नसूरि के शिष्य थे।

७९ बुद्धि प्रकाश (९३०१)

थेल्ह हिन्दी के अच्छे कवि थे। बुद्धिप्रकाश इनकी एक लघु रचना है जिसमें केवल २७ पद्य हैं। रचना उपदेशात्मक एवं सुभाषित विषय से सम्बद्ध है।

८० वीरचन्द दूहा (९३६९)

यह लक्ष्मीचन्द की कृति है जिसमे भट्टारक वीरचन्द के बारे में ९६ पद्यों में परिचय प्रस्तुत किया है। रचना १६ वी शताब्दी की मालूम पड़ती है। यह एक प्रकाशन योग्य कृति है।

८१ अर्गलपुर जिन वन्दना (६३७१)

यह रचना भी कविवर भगवतीदास की है जो देहली निवासी थे। इसमें आगरे में संवत् १६५१ में जितने भी जिन मन्दिर एवं चैत्यालय थे उन्हीं का वर्णन किया गया है। रचना ऐतिहासिक है तथा "अर्गलपुर पट्टणि जिण मन्दिर जो प्रतिमा रिसि गाई" यह प्रत्येक पद्य की टेक है। प्रत्येक पद्य १२ पंक्ति वाला है। पूरी रचना में २१ पद्य है। आगरा में तत्कालीन श्रावकों के भी कितने ही नामों का उल्लेख किया गया है। एक उदाहरण देखिये—

> साहु नराइनी करिउ जिनालय अति उत्तंग धुज सोहइ हो।
> गंधकुटी जिन बिंब विराजत अमर खचर खोहइ हो।
> जगभूषणु भट्टारक तिह थनि काम करि छमइ यौ हो।
> श्रुत सिद्धान्त उदधि बुधि गंगा हस पंचम काल दिसिंद हो।
> तिनि इकु श्लोकु सुनायो मुख भानी रामपुरी थनि लोक हो।
> जिह सरवरि निस हंस विराजइ सोम खस बरं लोक हो।
> नृप मराल उडि जानि जहा ते तिह मरि सोभा नाही हो।
> जानी ग्रह दानी जग मडरण समुझि लखो मनर ही हो।
> समुझि लखहि मन माहि सगुरण जस सुनि वानी गुरु देवा।
